हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 23 नवंबर 2025



चेतावनी देने के बाद भी सिम्स गेट के सामने अवैध रूप से खड़ी एम्बुलेंस



## खबर संक्षेप

### भदरापारा बेलतरा में जन जातीय गौरव दिवस आज

**बिलासपुर।** भदरापारा बेलतरा में 23 नवंबर रविवार को भगवान बिरसा मुंडा के 150 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला होंगे। यह जानकारी गोंडवाना युवा समिति बेलतरा के अध्यक्ष मुकुन्द सिंह नेताम ने दी।

### आज से रद्द की जाएगी रायगढ़-बिलासपुर मेमू

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के चक्रधरनगर ब्लॉक केबिन को चौथी लाइन से जोड़ने के लिए नॉन इंटरलाकिंग कार्य और रायगढ़-कोतरलिया सेक्शन में आटो सिग्नलिंग का कार्य करने के कारण रायगढ़-बिलासपुर मेमू और अन्य ट्रेन 23 नवम्बर से रद्द की जाएगी। रेलवे के अनुसार बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच तीसरी एवं चौथी रेल लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना है। यह हावड़ा-मुम्बई की व्यस्त रेल मार्ग है, जो क्षेत्र को उत्तर एवं दक्षिण भारत से जोड़ती है। बिलासपुर से झारसगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया है, जिसमें अब तक 150 किलोमीटर से अधिक की रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके अंतर्गत बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन के चक्रधरनगर ब्लॉक केबिन को चौथी लाइन से जोड़ने का कार्य 21 नवम्बर शुक्रवार से 11 दिसम्बर तक विभिन्न तिथियों में किया जाएगा।

### 90 करोड़ के एजुकेशन हब के तहत 48 कोचिंग हॉल, कैंटीन की मिलेगी सुविधा

# नालंदा परिसर के साथ बनेगा एजुकेशन हब खेल परिसर, 27 करोड़ का वर्क आर्डर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दयालबंद के मधुबन क्षेत्र में 13 एकड़ क्षेत्र में करीब 90 करोड़ की लागत से एजुकेशन हब बनाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम, शासन और रेलवे की भूमि का चयन करते हुए ले-आउट भी फाइनल किया जा चुका है। अब एजुकेशन हब के तहत शहर के पहले नालंदा परिसर के निर्माण के लिए 27 करोड़ रुपए का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है। निगम के मुताबिक 1500 छात्रों के लिए तीन एकेडमिक ब्लॉक के निर्माण का वर्क ऑर्डर भी जल्द ही जारी किया जाएगा। निगम के अनुसार 27 करोड़ रुपए की लागत से एक साल के भीतर 48 कोचिंग हॉल, शौचालय और कैंटीन सहित अन्य सुविधाओं का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले मिशन अस्पताल परिसर में नालंदा परिसर बनाने की बात थी लेकिन फिलहाल वह मामला लंबित है।



दरअसल निगम का मानना है कि शहर के अधिकांश निजी कोचिंग संस्थान दयालबंद क्षेत्र के आसपास स्थित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकारी क्षेत्र में इस एजुकेशन हब की योजना बनाई गई है, ताकि सामान्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। बिलासपुर स्मार्ट सिटी के मुताबिक एजुकेशन हब की स्थापना के लिए स्मार्ट सिटी और डीएमएफ फंड का उपयोग किया जाएगा। इसमें छात्रों के लिए लाइब्रेरी, कैंटीन और रहने के लिए सर्वसुविधायुक्त कमरे, कोचिंग हॉल आदि के तीन ब्लॉक बनाए जाएंगे। परियोजना के पहले चरण के लिए 27 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। दूसरे चरण के निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है।



### 50 हजार छात्रों को मिलेगा फायदा

स्मार्ट सिटी के मुताबिक यह मध्य भारत का सबसे बड़ा एजुकेशन हब होगा। 13 एकड़ क्षेत्र में फैली एक ऐसी जगह जो छात्रों और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को समर्पित होगी, जहां नालंदा परिसर, कोचिंग के लिए हॉल स्टेप, ऑडिटोरियम, हॉस्टल, गार्डन, पार्किंग, कैफेटेरिया और खेल मैदान होगा। दावा है कि पूर्ण रूप से शैक्षणिक माहौल से परिपूर्ण एजुकेशन सिटी के निर्माण से बिलासपुर ही नहीं बल्कि प्रदेश के लगभग 50 हजार छात्रों को इसका लाभ मिलेगा, क्योंकि पूरे छत्तीसगढ़ समेत अन्य प्रदेशों से छात्र बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने बिलासपुर आते हैं।

### योजना में यह सब शामिल होंगे

निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बताया कि इस एजुकेशन सिटी में 500 विद्यार्थी क्षमता का नालंदा परिसर बनाया जाएगा, जिसमें लगभग 500 छात्र छात्राएं एक साथ बैठकर फिजिकल एवं डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ ले सकेंगे। इस एजुकेशन सिटी में छात्र-छात्राओं के मोटिवेशन और शैक्षणिक उद्देश्य से एक 700 सीटर कैपेसिटी का आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। 1000 विद्यार्थी क्षमता वाले हॉस्टल, एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान, गार्डन, मल्टी लेवल पार्किंग सहित तीन बहुमंजिला इमारतों का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 48 हॉल सेटअप में एक साथ 4,800 विद्यार्थियों के कोचिंग क्लास अटेंड करने की सुविधा रहेगी।

**प्रतियोगी छात्रों को मिलेगा इसका लाभ**

इस एजुकेशन सिटी में 500 विद्यार्थी क्षमता का नालंदा परिसर बनाया जाएगा, जिसमें लगभग 500 छात्र छात्राएं एक साथ बैठकर फिजिकल एवं डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ ले सकेंगे। छात्र-छात्राओं के मोटिवेशन और शैक्षणिक उद्देश्य से एक 700 सीटर कैपेसिटी का आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा।

– **अमित कुमार**, निगम आयुक्त

# सीयू निष्कासित छात्र को देगी सुनवाई का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में शनिवार को एकेडमिक कौसिंल की स्टेडिंग कमेटी की मीटिंग हुई। इसमें यूनिवर्सिटी से अनुशासनहीनता के मामले में निष्कासित छात्र सुदीप शास्त्री का मामला भी रखा गया। स्टेडिंग कमेटी ने छात्र के आवेदन पर विचार करते हुए सुनवाई का अतिरिक्त अवसर देने का निर्णय लिया है।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के स्टेडिंग कमेटी की बैठक शनिवार को सुबह करीब ग्यारह बजे हुई, जिसकी अध्यक्षता यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल ने की। इसमें स्टेडिंग कमेटी के मेंबर के रूप में विभिन्न संकायों के डीन व एचओडी भी उपस्थित रहें। मिटिंग में कंप्यूटर साइंस विभाग के निष्कासित छात्र सुदीप शास्त्री का मामला भी रखा गया। छात्र की ओर से यूनिवर्सिटी में जो आवेदन दिया गया था उस विचार किया गया और यह निर्णय लिया गया कि छात्र सुदीप शास्त्री को अतिरिक्त सुनवाई का अवसर दिया जाए। यह भी फैसला लिया गया कि छात्र सुदीप शास्त्री के मामले में आगे जो भी कार्रवाई होगी वह कंप्यूटर साइंस विभाग से होगी। कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्र सुदीप शास्त्री के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए यूनिवर्सिटी ने निष्कासित कर दिया है। छात्र के टीसी में भी अनुशासनात्मक कार्रवाई के संबंध में टिप्पणी की गई थी, जिसे लेकर यूनिवर्सिटी में पिछले दिनों काफी बवाल मचा था।

■ स्टेडिंग कमेटी की बैठक में लिया गया फैसला



### आवेदन पर विचार किया गया

यूनिवर्सिटी में आज स्टेडिंग कमेटी की मिटिंग हुई थी। इसमें छात्र सुदीप शास्त्री के आवेदन पर विचार किया गया और छात्रहित में छात्र को अतिरिक्त सुनवाई का अवसर दिए जाने का निर्णय लिया गया है। छात्र के संबंध में आगे जो भी कार्रवाई होनी है वह संबंधित कंप्यूटर साइंस विभाग से होगी।

- **प्रो. मनीष श्रीवास्तव**
मीडिया प्रभारी, सीयू

!! जय माता दी !!
JAI AMBEY CONSTRUCTION
GSTIN NO.: 22AAZPU5195K1ZP
घर-दुकान-कॉम्प्लेक्स, बॉउण्ड्रीवाल एवं कंस्ट्रशन से संबंधित सभी कार्य किये जाते हैं।

800 रु. Sqft. से सफेद ईंट इंस्ट्रक्चर
850 रु. Sqft. से लाल ईंट इंस्ट्रक्चर
1050 रु. Sqft. से सफेद ईंट में कम्प्लीट (टाईल्स, नल, खिड़की, दरवाजा के साथ)
1150 रु. Sqft. लाल ईंट में कम्प्लीट (टाईल्स, नल, खिड़की, दरवाजा के साथ)
इंजीनियर विजिट फ्री होगा
भवन के आरंभ से पूर्ण निर्माण का कार्य किया जाता है
एक बार कॉल अवश्य करें....
7999446112, 9303148858, 9753876287
ऑफिस: मुंगेली नाका, बिलासपुर (छ.ग.)

प्लॉट अब 8% पर नहीं
2.99%* ब्याज दर पर
बैंक फायनेंस द्वारा
10 सालों की आसान किश्तों में
ब्याज का अतिरिक्त भार 5.01% अब हमारा है
APPROVED
BY TOWN & COUNTRY PLANNING
PCGRERA200423001628
www.rera.cgstate.gov.in
7 Wonder City
कम ब्याज ज़्यादा खुशियाँ

*Terms & Conditions Apply
कम ब्याज दरों के साथ आपके प्लॉट की EMI बने हल्की, और हर महीने बढ़े परिवार की बचत और मुस्कान
प्रीमियम आवासीय प्लॉट, लग्जरी रेसिडेंशियल टाउनशिप
7 वंडर सिटी | 7389900999
महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर | रायपुर से पाटन फोरलेन हाइवे पर स्थित, महादेव घाट के पास
Bank Account Name - MARUTI INFRAA CITY PVT LTD 7 WONDER CITY RERA RECEIVABLES ACCOUNT NUMBER 004772500000257 | IFSC CODE - YESB0000047 | Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.) इसके अलावा हमारा कोई और बैंक एकाउंट नही है, और हमारी कोई ब्रांच नही है। हमारे यहाँ किसी भी प्रकार का कैश लेन-देन नहीं किया जाता। प्लॉट बुकिंग हेतु 30% राशि अनिवार्य है, प्लॉट बुकिंग Confirmation हेतु विक्रय एग्रीमेंट अनिवार्य है, प्लॉट की रजिस्ट्री, प्लॉट की बुकिंग दिनांक से 60 दिन के अन्दर करना अनिवार्य है, अन्यथा विक्रेता को यह अधिकार होगा कि वह प्लॉट की बुकिंग रद्द कर सकता है। Web : www.marutiinfraacitypvtltd.com, Email : marutiinfraacitypvtltd@gmail.com , Image For Representation Purpose Only
वर्तमान मे HDFC BANK & ICICI BANK Home Loan ब्याज दर स्टैंडर्ड सिबिल स्कोर में 8% है उसके अनुसार 5.01% की ब्याज दर हमारे द्वारा 10 वर्ष के लिए वहन किया जाएगा, ब्याज दर 8% से बढ़ने पर, अतरिक्त ब्याज दर कि राशी का भुगतान क्रेता करेगा।
साइट विजिट के लिए स्कैन करें
Embassy

## खबर संक्षेप

### चार थाना प्रभारियों ने मिलकर की स्टेशन और ट्रेनों में चेकिंग



**बिलासपुर।** 27 नवंबर को पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस महानिदेशक सम्मेलन से पहले बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में चार थाना प्रभारियों और स्टाफ ने मिलकर स्टेशन प्लेटफार्म एवं ट्रेनो में सघन चेकिंग की। कुछ दिन पहले दिल्ली के मेट्रो स्टेशन में बम धमाके बाद से सभी रेलवे स्टेशनों को अलर्ट एवं सघन चेकिंग का आदेश जारी कर दिया गया है, इसके तहत लगातार आरपीएफ औंर जीआरपी की संयुक्त टीम मिलकर जांच करना शुरु कर दी है। 27 नवंबर को रायपुर में पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के सभी स्थानों से वरिष्ठ, अन्य अधिकारी, वीवीआईपी के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे। इसे देखते हुए शनिवार की शाम बिलासपुर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी नंद बहादुर, जीआरपी थाना प्रभारी राकेश वर्मा, तोरवा थाना प्रभारी अभय सिंह बैस, तारबहार थाना प्रभारी कृष्णचंद सिदार सहित सभी थानों के स्टाफ, डॉग स्क्वायड के साथ बिलासपुर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, सभी प्लेटफार्म, आने-जाने वाली यात्री ट्रेनें के अलावा अन्य स्थानों पर संयुक्त रूप से जांच की।

### सीएमएचओ ने किया एनआरसी और डीईआईसी का निरीक्षण, दिए निर्देश

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में चल रहे जिला शीघ्र हस्ताक्षेप केन्द्र यानी डीईआईसी और एनआरसी का सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल व नोडल अधिकारी सौरभ शर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान सिविल सर्जन, डॉक्टरों और स्टाफ की बैठक ली और आवश्यक निर्देश दिये। पिछले कुछ समय से डीईआईसी व एनआरसी की व्यवस्थाओं को लेकर शिकायत मिल रही है, डाक्टर व कर्मचारियों के नदारद रहने के कारण अक्सर स्पेशल चाइल्ड को वापस लौटना पड़ रहा है, इस दौरान परिजनों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य विभाग की मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शुभा गरेवाल ने स्पेशल चाइल्ड की समस्याओं को देखते हुए अधिकारी व कर्मचारियों की मीटिंग ली। पहले की तुलना में सुधारात्मक रवैया बनाए रखने की हिदायद दी और ओपीडी की संख्या में बढ़ोत्तरी को लेकर औचक निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने बताया कि जुलाई–अगस्त की तुलना में कुछ सुधार को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों तक सेवाएँ प्रभावी रूप से चलाई जाएं। थेरेपी, उपचार और नियमित फॉलोअप करते हुए कैम्प आयोजित करने की सलाह दी है। साथ ही स्कूलों में स्क्रीनिंग व ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने के लिए कहा है। डाक्टरों ने बच्चों के उपचार से संबंधी मशीनों की मांग की है, जिसपर सीएमएचओ ने जल्द ही मशीन उपलब्ध होने की जानकारी दी है।

### अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने ऋचा को दी पीएचडी उपाधि

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा ऋचा श्रीवास्तव को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य सीएमडी महाविद्यालय के वाणिज्य विषय के सहायक प्राध्यापक शोध निर्देशक डॉ. आदित्य कुमार दुबे के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। उनके शोध का विषय महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का कार्यान्वयन (रायपुर जिले के विशेष संदर्भ में) रहा। ऋचा ने इस शोध कार्य के माध्यम से मनरेगा योजना के ग्रामीण स्तर पर प्रभाव, रोजगार सृजन, आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति पर महत्वपूर्ण अध्ययन प्रस्तुत किया है। वे अजीत कुमार श्रीवास्तव की सुपुत्री हैं।



### विज्ञान प्रदर्शनी वर्ष 2025 में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



**बिलासपुर।** ओशियन पब्लिक स्कूल गीतांजली में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में अपने–अपने उत्कृष्ट वैज्ञानिक क्षमता, कल्पनाशीलता और कौशल का परिचय देते हुए अद्भुत वैज्ञानिक मॉडल्स का प्रदर्शन किया। प्रदर्शित मॉडल्स में निणार्यक मन्डल के रूप में विशेष आकर्षण का केन्द्र बिन्दु साउथ ईस्टर्न कोलफिल्ड लिमिटेड में संचालित श्रद्धा महिला मंडल कीअध्यक्षा शशि दुहन के दिशा निर्देशन में अनिता राय, सचिव स्मिता निगम, किरण उपाध्याय, ममता तिवारी एवं दीपाली रस्तोगी के कुशल परीक्षण से (बच्चों ) बाल वैज्ञानिकों का उत्साह देखते ही बनता था। सभी की गरिमामय उपस्थिति के लिए प्राचार्या ममता श्रीवास ने भाव - भिनी आभार प्रकट कर की।

**28 करोड़ की लागत से बनाया गया औद्योगिक परिक्षेत्र** | एमएसएमई उद्योगों के लिए उपलब्ध होगी जमीन

# नए उद्योग के लिए मिलेगी जमीन, बिडिंग सिस्टम के तहत आबंटन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पहली बार अरपा के पास औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो चुका है। सीएसआईडीसी द्वारा सेलर में 95 एकड़ जमीन पर उद्योगों के लिए जमीन का आबंटन शुरू हो चुका है। करीब 120 प्लांट का आबंटन विभाग द्वारा किया जा रहा है, सारी प्रक्रियाएं ऑनलाइन के माध्यम से की जा रही है। वहीं यह पहली बार है जब भूमि आबंटन में भी बिडिंग सिस्टम लागू किया गया है, जिससे जमीन लेने वाले उद्योगपतियों को स्पर्धा का सामना करना तय है।

जिले के लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए काफी बेहतर सौगात मिल चुकी है। एमएसएमई के उद्योगों के लिए जमीन की मांग लंबें समय से की जा रही थी, तिफरा के सेक्टर डी प्रोजेक्ट में अडंगा सामने आने बाद विभाग सेलर में औद्योगिक क्षेत्र विकसित कर चुका है। यह पहली बार है जब औद्योगिक जमीन के लिए लोगों को अरपा पार कर जाना होगा।



सीएसआईडीसी ने करीब 28 करोड़ की लागत से औद्योगिक क्षेत्र विकासित किया है। जिसमें 5 किमी इंटर्नल सड़क, ट्रांसफार्मर, नालियां, पानी पाइप लाइन, ओवर हैड टंकी और बिजली के लिए स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। वहीं यहां 120 के करीब जमीनों का आबंटन किया जा सकेगा। करीब 95 एकड़ जमीन पर बन रहे सेलर सेक्टर में लघु और मध्यम क्षेत्र के उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### एनटीपीसी के लिए आरक्षित थी जमीन

सूत्रों के अनुसार वर्तमान में सेलर में जहां सीएसआईडीसी ने परिक्षेत्र को विकसित किया है, वह जमीन 30 साल पहले एनटीपीसी के लिए आरक्षित की गई थी, लेकिन एनटीपीसी के सीपत क्षेत्र में स्थापित होने के बाद उद्योग विभाग ने इसे रिजर्व कर लिया, साल 2023 में इसे विकसित करने का प्रस्ताव अधिकारियों ने दिया था।

### एप्रोच रोड की समस्या

बताया जा रहा है कि जहां परिक्षेत्र विकसित किया गया है, वहां एप्रोच रोड खस्ताहाल है। परिक्षेत्र के अंदर ही 5 किमी सड़क बन चुकी है लेकिन एप्रोच रोड पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण किया जाना शेष है। ऐसे में औद्योगिक क्षेत्र में प्लांट लगाने वाले नए उद्योगों को परिवहन में असुविधा हो सकती है, यही कारण है कि भूमि आबंटन की प्रक्रिया सुस्त गति से चल रही है।

### कई प्लांट की हो चुके है आबंटित

सीएसआईडीसी द्वारा सभी नए परिक्षेत्र में बिडिंग आधार पर ही भूमि आबंटन किया जाता है। यह प्रक्रिया ऑनलाइन आधारित है। सेलर में भूमि आबंटन की प्रक्रिया शुरू की गई है, कई प्लांट की आबंटित हो चुके है।

**-शुभम शुक्ला,** एडीआई, सीएसआईडीसी

## एयरपोर्ट की जमीन का मामला, 12 साल का 26 करोड़ ब्याज मांग रहा है रक्षा मंत्रालय



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा दाई केंवट एयरपोर्ट में विकास कार्य 290 एकड़ जमीन के हस्तातंरण के कारण विलंब हो रहा है। जन संघर्ष समिति ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने 50 करोड़ रूपए की मांग की है,इस राशि में जमीन की कीमत 24 करोड़ रूपए है, जबकि 12 सालों के लिए 9 फीसदी ब्याज के हिसाब से 26 करोड़ रूपए की मांग की गई है। जिसे अबतक राज्य सरकार ने नहीं दिया है।

राज्य सरकार द्वारा एयरपोर्ट विकास को लेकर डुलमुल रवैये को लेकर समिति ने आड़े हाथों लिया है। सदस्यों ने बताया कि सितंबर माह में रक्षा सचिव और मुख्य सचिव के बीच हुई बैठक आयोजित की गई, सहमति बन गई थी कि रक्षा मंत्रालय मार्केट रेट पर पैसे की मांग नहीं कर सकता है। तय किया गया है कि जमीन अधिग्रहण की लागत, सामान्य ब्याज की गणना की जाएगी और उसमें भी सबसे कम राशि की ही मांग की जाएगी। पहले रक्षा मंत्रालय ने 290 एकड़ जमीन के बदले लगभग 72 करोड़ रुपए की मांग की, हाई कोर्ट के दखल के बाद 3 नवंबर को रक्षा मंत्रालय के द्वारा 290 एकड़ जमीन के बदले 50 करोड रुपए की मांग की गई है। इसमें 24 करोड़ रुपए जमीन अधिग्रहण की लागत और 26 करोड रुपए 12 साल के 9 फीसदी वार्षिक की दर का ब्याज शामिल है। रक्षा मंत्रालय ने उक्त ब्याज दर रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के सर्कुलर के आधार पर तय की है। हालांकि उक्त पत्र के आने के लगभग 3 सप्ताह बीत गए है लेकिन फंड को लेकर स्पष्ट निर्देश नहीं दिए गए है और ना ही कोई पहल हो सकी है।

### सर्वसुविधा एयरपोर्ट के लिए जरूरी

प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा शहर बिलासपुर है। बिलासा एयरपोर्ट के रनवे विस्तार के लिए 50 करोड़ जैसी रकम बहुत ही कम है जबकि अरपा नदी के किनारे स्मार्ट सिटी द्वारा बनाई गई सड़क की लागत ही 100 करोड़ से ऊपर है।राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत सड़क निर्माण की लागत भी करोड़ों में है लेकिन बिलासा एयरपोर्ट के लिए 50 करोड़ की व्यवस्था सरकार द्वारा नहीं की गई है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने जमीन और 4सी एयरपोर्ट के लिए 500 करोड़ रुपए देने की मांग की गई है।

### धरने में यह रहे शामिल

शनिवार को हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महाधरना धरना स्थल में आयोजित किया गया। इस दौरान रवि बनर्जी, अनिल गुलहरे, बद्री यादव, नारद श्रीवास,अशोक भंडारी, मनोज तिवारी, चित्रकांत श्रीवास, दीपक कश्यप, प्रकाश बहरानी, अमर बजाज, शैलेश पाठक अखिल अली, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

## खस्ताहाल सड़कों के खिलाफ कांग्रेस ने किया मोपका में धरना-प्रदर्शन

**बिलासपुर।** खस्ताहाल सड़कों के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को मोपका रामकृष्ण कालोनी के पास धरना प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसजनों ने स्मार्ट सिटी तहत अरपा नदी तट पर सुनसान जगह पर करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गए सड़क का मुद्दा भी उठाया। सड़क के मुद्दे पर कांग्रेस के इस धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई।

■ स्मार्ट सिटी तहत सुनसान जगह पर बनाई अनुपयोगी सड़क का मुद्दा भी उठा

इस दौरान कालोनी एवं आसपास के लोगों ने बताया कि सड़क खराब होने से धूल से घरों की छत्ते धूल धूसरित हो रहे है, उनका आधा समय केवल घर को साफ करने गुजर रहा है और बच्चे ,बुजुर्ग सांस जनित रोगों से परेशान है। सड़क खराब होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही है जिसमें लोग घायल हो रहे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी ने कहा कि यह शहर का दुर्भाग्य है कि निगम को टैक्स देने वाले धूल भरी जिंदगी जीने को मजबूर है। वही स्मार्ट सिटी के नाम पर ऐसी जगह सड़कें बनाई जा रही है, जहां दूर-दूर तक कोई मकान नहीं है और वह निजी जमीन में समाप्त हो रही है। आम जनता के पैसों को जनहित में न लगाकर स्वहित में लगाया जा रहा है।

आज का आंदोलन कुंभकर्णी सरकार को जगाने के लिए है। यदि सरकार सड़कों को सुधारने में देरी की तो यह आंदोलन प्रत्येक वार्डो से लेकर नगर, कस्बा और गांव गली तक होगा। क्योंकि बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ में एक सड़क चलने लायक नहीं बची है। ठंडी के मौसम में उड़ते धूल से स्कूल जाते मासूम बच्चें धूल के कारण सर्दी, बुखार और सांस संबंधित रोगों से पीड़ति हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई के नाम पर वसूली करने वाली भाजपा सरकार इन दो वर्षों में एक भी अच्छी सड़कें नहीं बनी।



खराब सड़क को लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

### आंदोलन में ये हुए शामिल

सड़क के मुद्दे पर आज के धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी, राजेंद्र साहू, जगदीश कौशिक, विनोद साहू, अनिल यादव, साखन दरवे, पार्षदगण मोहन श्रीवास, सुनील सोनकर, हितेश देवांगन, नीरज सोनी, अंकित, सुरेंद्र तिवारी, भागीरथी यादव, शेरसिंग कश्यप, संतोष साहू, आशीष यादव, फागुराम बरगाह, योगेश यादव, भोलाराम साहू, संजय साहू, शिव यादव, दुर्गेश साहू, अविनाश केवरा, रामायण साहू, भोला साहू, मनोज यादव, मुकुंद साहू, सचिन कश्यप, हरीश सूर्या, माखन, भगत, सुखसागर, मनोज बंजारे, सत्तार खान, ओमप्रकाश, उत्तम, भोलाराम साहू, दीपेश राव, अनुरुद्ध तिवारी, तिरिथ राम, रुपनारायण, घासीराम, कमलेश, जयनारायण, इकबाल, रामखिलवन, रतन, रीता देवी, प्रिया कुमारी, सुनीता पात्रे, राकेश बाजपेई, संजय भास्कर, नीरज सोनी, सुनील सोनकर, चंद्रप्रकाश, मनीष गड़ेवाल, अजय काले, भागीरती यादव, संतोष साहू, संतलाल अहिवार, राजेंद्र, ओम श्रीवास आदि उपस्थित रहे।

## उमरिया में समाप्त हो जाएगी बिलासपुर-कटनी मेमू 27 से

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन से चलने वाली बिलासपुर-कटनी मेमू का परिचालन कटनी के बजाय उमरिया स्टेशन तक किया जाएगा, जो उमरिया से कटनी-बिलासपुर मेमू बनकर ही वापस आएगी।

अधोसंरचना विकास अंतर्गत न्यू कटनी सेक्शन सी में यार्ड रिमाडलिंग हेतु नॉन इंटरलाकिंग कार्य किया जा रहा है। इसके कारण बिलासपुर से कटनी के बीच चलने वाली कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें 26 नवंबर से 2 दिसम्बर तक 61601 कटनी-चिरमिरी मेमू पैसेंजर और 27 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक 61602 चिरमिरी-कटनी मेमू पैसेंजर को रद्द किया जाएगा। इसके अलावा 27 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 68747 बिलासपुर-कटनी मेमू पैसेंजर उमरिया स्टेशन में समाप्त की जाएगी, जो उमरिया से कटनी के बीच रद्द रहेगी। इसी तरह 27 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक कटनी से चलने वाली 68748 कटनी-बिलासपुर मेमू लोकल उमरिया स्टेशन से शुरु होकर कटनी-उमरिया के बीच रद्द की जाएगी। बिलासपुर-कटनी सेक्शन के अलावा चौथी रेल लाइन को जोड़ने का काम



बिलासपुर-रायगढ़ स्टेशन के बीच चक्रधरनगर ब्लॉक केबिन में 21 नवम्बर से शुरु किया गया है, जो 11 दिसम्बर तक विभिन्न तिथियों में किया जाएगा। इसकी वजह से 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक रायगढ़ से रवाना होने वाली 68737 रायगढ-बिलासपुर मेमू, 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक बिलासपुर सम्चलने वाली 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू, 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक रायगढ़ से रवाना होने वाली 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू, 22 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू रद्द की जाएगी। इसके अलावा 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक गोंदिया एवं झारसुगुड़ा से चलने वाली 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा से गोंदिया पैसेंजर बिलासपुर एवं झारसुगुड़ा के बीच रद्द रहेगी।

### अवैध रूप से भंडारित 75 बोरी धान जब्त

**बिलासपुर।** धान खरीदी अब लय में आ गई है। लगभग सभी उपार्जन केन्द्र खुल गए हैं। किसान अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेचने आने लगे हैं। इस बीच कोचिया और दलालनुमा व्यापारी भी अनुचित लाभ के लिए धान खपाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। इनके मंसूबों पर पानी फेरने के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर ऐसे तत्वों पर प्रशासनिक टीम की पैनी नजर बनी हुई है। इस क्रम में चकरभाठा में साल की पहली कार्रवाई की गई। एसडीएम बिल्हा के मार्गदर्शन में व्यापारी सुरेश पंजवानी धान वाला के कब्जे से अवैध रूप से रखे हुए 75 कट्टी धान जब्त किया गया। जब्त किए धान की मात्रा लगभग 30 क्विंटल है। सरकारी कीमत 1 लाख से ऊपर का है। धान का कोई हिसाब और दस्तावेज व्यापारी जांच टीम को नहीं दे पाया। इसे सांठगांठ करके किसी सोसाइटी में खपाने की आशंका थी, इसके पहले ही बरामद कर लिया गया। मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई में तहसीलदार बोदरी, खाद्य निरीक्षक और मंडी के कर्मचारी शामिल थे।

## दिल्लीआईएएस एकेडमी का विद्यार्थी सीजीपीएसी में टॉपर, हुए सम्मानित

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा 2024 जिसका परिणाम 2025 में जारी हुआ है। जहां दिल्ली आईएएस के विद्यार्थियों ने कुल 246 पदों में से 149 पदों पर सफलता प्राप्त कर नया इतिहास रच दिया है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी संस्थान से इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इसमें उल्लेखनीय बात यह है कि इस परीक्षा के टॉपर देवेश प्रसाद साहू इस संस्थान के क्लासरूम प्रोग्राम के नियमित छात्र रहे हैं जिन्होंने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया है।

संस्थान में अपने परिणामों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हुए बताया है कि चयनित 149 विद्यार्थियों में से 85 विद्यार्थी ऑफलाइन क्लासरूम प्रोग्राम से चुने गये हैं। जिन्होंने पिछले 3 बैचों में अध्ययन कर सफलता प्राप्त की है। शेष विद्यार्थी संस्थान के टेस्ट सीरीज कार्यक्रम और साक्षात्कार कार्यक्रम में शामिल हुए थे। चयनित विद्यार्थियों और उनके परिवार को सम्मानित करने के लिए संस्थान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के हजारों विद्यार्थियों द्वारा चयनित छात्रों का तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत और सम्मान किया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ टॉपर डिप्टी कलेक्टर देवेश प्रसाद साहू, डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित मयंक मंडावी और चंचल पैंकरा उपस्थित थे।



### प्री एवं मेन्स के लिए विशेष मेंटरशिप प्रोग्राम शुरू होगी

आज के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित संस्थान की मुख्य निदेशक विद्या चतुर्वेदी जी ने कहा कि संस्था बच्चों के शिक्षा एवं उनके शारीरिक मानसिक संतुलन को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है आगे इसे और बेहतर करने के लिए नए नए प्रयास किए जाएंगे ताकि परिणाम और भी बेहतर आ सके जिससे प्रदेश में बच्चों और पालकों का विश्वास पर हम खरा उतर सके। संस्थान ने घोषणा की है कि वह रेगुलर बैच के साथ-साथ प्री एवं मेन्स के लिए विशेष मेंटरशिप प्रोग्राम शुरू कर रहा है जिसमें विद्यार्थियों को संस्थान में ही 6 से 8 घण्टे अभ्यास करवाकर सफलता सुनिश्चित की जा सके। प्रथम दस स्थानों में संस्थान से सात छात्र शामिल है।

## ढाई लाख से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगा 200 यूनिट फ्री बिजली का फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य शासन ने 200 यूनिट फ्री बिजली में छूट की घोषणा कर दी है, जिसमें बिलासपुर वृत्त के ढ़ाई लाख से अधिक उपभोक्ता को फायदा मिलेगा। इसमें बिलासपुर जिले के करीब एक लाख से अधिक उपभोक्ता शामिल होंगे।

पूर्व राज्य शासन में सरकार ने सत्ता संभालने के बाद प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक बिजली बिल में छूट दी थी। इस छूट के साथ ही उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक फ्री के बाद 400 यूनिट के ऊपर की यूनिट यानि 401 के उपरांत बिजली बिल भुगतान विभाग को करना पड़ता था। सत्ता परिवर्तन के बाद 400 यूनिट तक हाफ बिजली योजना को 100 यूनिट और फिर 50 यूनिट तक फ्री यूनिट की घोषणा वर्तमान सरकार ने की। पूर्व सरकार की 400 यूनिट की फ्री बिजली समाप्त करने के बाद उपभोक्ताओं को काफी परेशानी होने लगी। जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल पूर्व शासन में 500 से 1000 रुपए तक आते थे, उन्हें 400 यूनिट की फ्री बिजली की खपत समाप्त करने उपरांत 5 से 10 हजार रुपए तक बिजली विभाग को भुगतान करना पड़ रहा है। इसकी वजह से लोगों के घर का बजट भी बिगड़ना शुरु हो गया है। अनाप शनाप बिजली बिल से परेशान उपभोक्ता जब बिजली विभाग के अधिकारी और प्रशासन के पास अपनी शिकायत लेकर पहुंचते हैं, तो उन्हें प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट स्थापित करने की सलाह दी जा रही है।

400 यूनिट की खपत को समाप्त करने के साथ बढ़ी हुई बिजली बिल की दर के कारण उपभोक्ताओं की परेशानी को देखते हुए विपक्ष ने भी वर्तमान राज्य शासन से मांग की थी। इस मांग के बाद राज्य शासन ने 400 यूनिट के बजाय 200 यूनिट तक बिजली की छूट देने की घोषणा कर दी है। राज्य शासन की 200 यूनिट फ्री बिजली की योजना 1 दिसम्बर से पूरे प्रदेश में लागू की जाएगी, जिससे बिलासपुर विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित वित्त के ढ़ाई लाख से अधिक उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा।



■ बिलासपुर जिले के एक लाख से अधिक उपभोक्ता शामिल

### जिलेवार उपभोक्ताओं की संख्या

विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित बिलासपुर वृत्त से मिली जानकारी के अनुसार शासन की 200 यूनिट की घोषणा के बाद आदेश पहुंच गया है। इसमें बीपीएल और डीएलएफ कैटेगेरी के उपभोक्ताओं को 200 यूनिट फ्री बिजली का फायदा होगा। तीनों जिले मिलाकर 0 से 100 यूनिट तक 2 लाख 59 हजार 796 उपभोक्ता और 101-200 यूनिट तक के स्लैब में 56 हजार 971 उपभोक्ता लाभांवित होंगे।

- बिलासपुर जिले 0 से 100 यूनिट तक के स्लैब में 101868 उपभोक्ता और 101 से 200 यूनिट के स्लैब में 31209 उपभोक्ता शामिल है।
- मुंगेली जिले 0 से 100 यूनिट तक के स्लैब में 73266 उपभोक्ता और 101 से 200 यूनिट के स्लैब में 12466 उपभोक्ता शामिल है।
- पेण्ड्रारोड जिले 0 से 100 यूनिट तक के स्लैब में 84662 उपभोक्ता और 101 से 200 यूनिट के स्लैब में 13296 उपभोक्ता शामिल है।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएलओ सम्मानित

**बिलासपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र सेंवार की बीएलओ रोहिणी वैष्णव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। उनके द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट कार्य किया गया है। रोहिणी इस गांव में आंगनबाडी कार्यकर्ता हैं। उन्होंने अपने मतदान केंद्र के सभी 1032 मतदाताओं को गणना पत्रक उपलब्ध करा दिया है। इनमें से 97 प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रों के डिजिटाईजेशन का कार्य भी पूर्ण कर लिया है। कलेक्टर ने इस अवसर पर इलाके के सुपरवाईजर एवं महिला पटवारी कविता भानु को भी गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया।

## बिरसा मुंडा ने दिया समाज को एकता का संदेश, जयंती पर हुए विविध आयोजन



**बिलासपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में विश्वाधारम जन कल्याण सेवा समिति ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इसमें चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रक्तचाप, शुगर, नेत्र जांच, सामान्य स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार कर दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की प्रथम महिला कौशिल्या विष्णु देव साय उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल जनजातीय समाज की नहीं बल्कि पूरे भारत के महानायक हैं। जिन्होंने अपने संघर्ष और नेतृत्व से समाज को जागृति, स्वाभिमान और एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, उनके रीति-रिवाज और प्रकृति के प्रति सम्मान भारतीय जीवन मूल्यों का आधार है।उन्होंने स्वास्थ्य शिविर, वस्त्र मेला, कंबल वितरण और समरसता भोज जैसे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल जनसेवा का माध्यम है बल्कि समाज को जोड़ने वाली कड़ी भी है। अति विशिष्ट अतिथि तिमिरेंदु शेखर सिंह कंवर, विशिष्ट अतिथि रंजिता साहू तथा अध्यक्षता कर रहे रामकुमार आयम सरपंच ने भी अपने विचार रखे। फारापखना के इस आयोजन में समरसता भोज व वस्त्र मेले का आयोजन भी किया गया। जिसमें बच्चों, महिलाओं और वृद्धजनों के लिए वस्त्र उपलब्ध कराए गए।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 23 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255







# संघर्ष से मिली सफलता, राजनीति में जाने का कोई इरादा नहीं : रिंकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अंतरराष्ट्रीय भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी और वर्तमान में कोलकाता नाइट राइडर्स से आईपीएल और उत्तर प्रदेश की टीम से रणजी खेलने वाले खिलाड़ी रिंकू सिंह का कहना है कि उन्हें मुकाम तक पहुंचाने में उनकी मां और भाई ने सपोर्ट किया है। राजनीति में जाने का उनका कोई भी इरादा नहीं है।

जिला खेल परिसर ब्राह्मण प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें में शामिल होने बिलासपुर पहुंचे रिंकू सिंह ने कहा कि निचले लेवल से आने वाले हर खिलाड़ियों के जीवन में संघर्ष होता है और वह संघर्ष कर ऊपर पहुंचते हैं। मेरे भी जीवन में यह संघर्ष है। मैं भी नीचे से संघर्ष कर ऊपर तक पहुंचा हूं। खिलाड़ियों के जीवन में स्ट्रगल होता है, मैं भी वह स्ट्रगल कर क्रिकेट टीम तक पहुंचा हूं। घरवालों के पास भी उतना कुछ होता नहीं है कि अपने लड़के का सपोर्ट करे। ऐसे में लड़का अपने मेहनत से ही कुछ बनता है। मेरी लाइफ भी वैसी ही है। मैं भी अपनी मेहनत से ही आगे आया हूं। बहुत लोगों ने मुझे सपोर्ट किया है, घर वालों ने भी थोड़ा बहुत सपोर्ट किया है। रिंकू सिंह ने बताया कि इंडियन क्रिकेट टीम में खेलने का उन्होंने पहले सपना नहीं देखा था। उन्होंने बस ऐसे ही क्रिकेट एंजॉयमेंट के लिए खेलना शुरू किया। तब हम इंजॉय करने के लिए और क्रिकेट को जानने के लिए कि यह क्रिकेट कैसी चीज है, खेलना शुरू किया। इसके बाद क्रिकेट अच्छा लगा तो मेहनत करते रहे और जैसे-जैसे खेलने को मिला मौका तो आगे बढ़ते रहे। 2012 में अंडर 16 खेला तो वहां से सारी चीजें चालू हो गई और सपने देखने शुरू हो गए कि इंडिया के लिए खेलना है। अब वह सारी चीज पूरी हो गई और अपना सपना भी पूरा हो गया। इंडिया के ड्रेसिंग रूम में बैठने और उस समय जो फिलिंग मन में आता है उसके संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में रिंकू सिंह ने कहा कि हर खिलाड़ी का सपना होता है कि इंडिया टीम में खेलना और बड़े-बड़े खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर काफी बड़ी बात होती है, तो ड्रेसिंग रूम शेयर करने में बड़ा मजा आता है।

रिंकू सिंह ने कहा कि परिवार में मम्मी ने मुझे ज्यादा सपोर्ट किया। पापा ऐसे थे कि ज्यादा सपोर्ट करते नहीं थे, वे चाहते थे कि मैं उनके साथ काम करूं। पापा का ज्यादा सपोर्ट नहीं मिला पर मम्मी और भाई ने सपोर्ट किया। मम्मी और भाई का सपोर्ट ज्यादा मिला और इस तरह से काम चला रहा और मैं अपनी मेहनत करता रहा।

## ब्राम्हण प्रीमियर लीग में पहुंचे अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी



## जीवन बदला पांच गेद में पांच छक्कों से

अंतरराष्ट्रीय भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी रिंकू सिंह ने बताया कि उनकी एक मैच में पांच गेंदों पर पांच छक्के लगाने के बाद उनकी जिंदगी बदल गई। उस समय दिमाग में चल रहा था उन कि उतनी अच्छी बैटिंग हो नहीं रही है, क्योंकि बल्ले से बाल नहीं लग रही थी। 14 बॉल में सिर्फ आठ रन बने थे। सेकेंड लॉस्ट हो गया और कॉन्फिडेंस लो हो गया था। मुझे यह भी नहीं पता था कि पांच बालों में 28 रन चाहिए। इतनी अच्छी बैटिंग नहीं हो रही थी, इसलिए मैं परेशान था। मैंने पहले और दूसरे के बाद तीसरा छक्का मारा फिर स्कोर बोर्ड देखा। तब दिखा कि दो बाल में 10 रन चाहिए, तब मुझे लगा कि दो छक्के मारकर बन सकते हैं। फिर मैने दो छक्के लगा दिए। इसके बाद सारी चीजें चेंज हो गई, लाइफ चेंज हो गई। सब मुझे पांच छक्कों से जानने लगे।

## पूरा फोकस क्रिकेट पर

सपा की सांसद से सगाई होने पर क्रिकेट के मैदान से राजनीति के मैदान में शुरूआत के बारे में उन्होंने कहा कि मेरा सिर्फ क्रिकेट में फोकस है, राजनीति उनका फील्ड है। वो अपना काम करती हैं और मैं अपना काम करता हूं। शादी की तैयारी के संबंध में रिंकू सिंह ने कहा कि शादी की तैयारियां चल रही है, अभी डेट फिक्स नहीं हुई है। जब डेट फिक्स होगी तो सामने आ ही जाएगा और सभी को पता चल जाएगा।

# छात्राओं ने पंजाबी, छत्तीसगढ़ी नृत्य पेश कर बिखेरी सांस्कृतिक छटा

**बिलासपुर।** डी.पी. विप्र महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय "साइनेक्स मिलेनियम 2025 के समापन पर छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेश में पंजाबी, छत्तीसगढ़ी सहित अन्य नृत्य कर सांस्कृतिक छटा बिखेरी। वहीं बच्चों द्वारा लगाए गए मॉडलों का अतिथियों व शालेय परिवार ने अवलोकन कर उनकी कला प्रतिभा की सराहना की।




डीपी कालेज में साइनेक्स मिलेनियम का समापन

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ वीरेंद्र कुमार सारश्वत कुलपति पं. सुंदर लाल शर्मा थे। अध्यक्षता प्रो. प्रदीप कुमार घोष कुलपति डॉ सी.वी.रमन विश्वविद्यालय कोटा ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ तारणीश गौतम कुलसचिव अटल बिहारी वाजपाई विश्वविद्यालय, प्राचार्य डॉ अंजू शुक्ला, उपप्राचार्य डॉ. एम.एस. तंबोली, निधीश चैबे, साईनेक्स प्रभारी अविनाश शेट्टी अध्यक्ष एल्युमिनी कमेटी थे। मुख्य अतिथि डॉ सारश्वत ने अपने उदबोधन में कहा कि उनके द्वारा जो आडिया लेकर मॉडल बनाया गया हैं उसमें उन्हें कुछ बातें ध्यान रखने की आवश्यकता है। जैसे वे स्टार्टअप और बिजनेस में क्या अंतर समझते हैं। इस पर उन्हें अपने शिक्षकों से चर्चा कर विस्तार से समझकर कार्य करना पडेग़ा। वहीं विद्यार्थियों के आइडिया को सुरक्षित करना शैक्षणिक संस्थाओं का उत्तरदायित्व होता है। बच्चों में विल एवं स्कील पावर को डेवलप करना संस्थाओं का काम है। तभी वे अपने आइडिया को लेकर किए गए कार्य को गति प्रदान कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एम.एस. तंबोली एवं आभार प्रदर्शन प्रो. यूपेश कुमार चन्द्राकर ने किया।

## गहन अध्ययन कर ले जाएं आगे : घोष

विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने मॉडलों का अवलोकन के बाद बच्चों की कला प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि वे सभी अपने इन विचारों को यहीं तक सीमित न रख कर इस पर गहन अध्ययन कर आगे तक इसको ले जाने का कार्य करें। अपने लक्ष्य को पाने के लिए 'प्लान योर वर्क, वर्क योर प्लान' को ध्यान में रखकर लक्ष्य बनाने से सफलता निश्चित है। उन्होंने कहा कि शिक्षा उन्हें कभी झुकने नहीं देगी और अच्छा चरित्र कभी गिरने नहीं देगा। डॉ. तारणीश गौतम ने कहा कि विद्यार्थी द्वारा बनाए गए मॉडल में जीवंतता लाने के लिए पूरी तन्मयता के साथ अर्पण का भाव होना चाहिए। प्राचार्य डॉ अंजू शुक्ला ने कहा कि डी.पी. विप्र महाविद्यालय हमेशा से छात्र केंद्रित कार्यक्रमों को प्राथमिकता देता है। जिससे विद्यार्थियों में सृजनात्मक क्षमता का विकास होता है। हमारा महाविद्यालय चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो, सांस्कृतिक गतिविधियों का क्षेत्र हो या अनुशासन से संबंधित हो हमेशा ही अग्रणी रहा है। छात्र संघ की ओर से टिकेश प्रताप सिंह द्वारा कहा गया कि इनोवेशन के कार्य को साइनेक्स मिलेनियम द्वारा इस महाविद्यालय में एक मंच प्रदान किया गया जो कि छात्र राजनीति के बदलाव का सकारात्मक संकेत है।

## पुस्तकों का विमोचन

इस अवसर पर प्रो. यूपेश कुमार एवं प्रो. अंजू कमलेश द्वारा लिखित पुस्तकों का विमोचन अतिथियों ने किया। बी.एस.सी. अंतिम वर्ष की छात्रा हिमांगी हालदार को मलेशिया में पर्यावरण से संबंधित मॉडल प्रदर्शित किए जाने पर उसे अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

## व्यंजन, सलाद स्पर्धा में छात्राओं की रही भागीदारी

कार्यक्रम में व्यंजन प्रतियोगिता, सलाद और दुल्हन मेकअप प्रतियोगिता आयोजित की गईं। जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। व्यंजन प्रतियोगिता में छात्रों ने विविध परंपरागत और आधुनिक व्यंजनों के माध्यम से अपनी पाक-कला का आकर्षक प्रदर्शन किया। सलाद प्रतियोगिता में स्वास्थ्य व रचनात्मकता का अनूठा संगम देखने को मिला।

## इनकी रही उपस्थिति

आयोजन में वीरेन्द्र साहू, जित्तू ठाकुर, गोविन्द सेठी, शिवा गेंदले, चित्रकांत निरडवार, विकास सिंह, डॉ. सुषमा शर्मा, डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. शिखा पहारे, प्रो. ए. श्रीराम, डॉ. अजय यादव, शैलेन्द्र कुमार तिवारी, प्रो. तोषिमा मिश्रा, डॉ. सुरुचि मिश्रा, डॉ. विश्वास विक्टर, डॉ. ऋचा हाण्डा, डॉ. किरण दुबे, प्रो. जयंत रॉय, प्रो. रूपेन्द्र शर्मा, प्रो. लोकेश कुमार वर्मा, प्रो. ज्योति तिवारी, प्रो. सुचित दुबे, प्रो. प्रदीप जायसवाल, प्रो. दीपक कश्यप, प्रो. अंजली जायसवाल, सगराम चन्द्रवंशी, तोरण यादव सहित एन.एस.एस., एन.सी.सी. एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

एज्युकेशन

# सैनिक स्कूल के कैडेट्स का सकरी बटालियन में शैक्षिक भ्रमण



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने आज सकरी स्थित सैन्य बटालियन का शैक्षिक एवं प्रेरणादायी भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, राष्ट्रभक्ति, सैन्य कार्यप्रणाली की समझ तथा नेतृत्व कौशल का विकास करना था। भ्रमण के दौरान कैडेट्स को बटालियन के विभिन्न प्रशिक्षण विंग्स, आधुनिक हथियारों, संचार प्रणाली, रणनीतिक अभ्यासों तथा सैनिकों की दैनिक दिनचर्या का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। अधिकारियों ने कैडेट्स को भारतीय सेना की कार्यप्रणाली, चुनौतियों, तकनीकी प्रगति तथा राष्ट्र सुरक्षा में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। कैडेट्स ने सैन्य अधिकारियों से संवाद कर अपने प्रश्न पूछे तथा सेना में कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन प्राप्त किया। सैनिकों द्वारा किया गया हर्डल प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरमैन डा. अजय श्रीवास्तव ने उन्होंने कहा कि बटालियन द्वारा प्रदान की गई प्रशिक्षण सुविधाएँ अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। विद्यालय की डायरेक्टर एस. के. जनास्वामी, प्राचार्या जी. आरः मधुलिका ने इसकी सरहाना की। कैडेट्स के साथ रिटायर्ड आनरेरी सब लेफ्टिनेंट और सैनिक स्कूल के एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर उदय कुमार शर्मा के साथ टीजीटी सत्यनारायण व अनिता मिंज उपस्थित रहे ।

# भगवत प्राप्ति का मार्ग केवल भक्ति : चकोरी देवी





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रेम शब्द दिव्य क्षेत्र का शब्द है। संसार में जिसे प्रेम कहा जाता है वह प्रेम नहीं आसक्ति है। निष्काम भाव से भगवान में अनुराग ही सच्चा प्रेम है। भगवत प्राप्ति का मार्ग केवल भक्ति है।

ये बातें साध्वी चकोरी देवी ने प्रियदर्शनीय नगर के दुर्गा मंदिर परिसर में चल रहे भागवत एवं आध्यात्मिक प्रवचन में कही। उन्होंने कहा कि भगवत प्राप्ति के लिए भक्ति करनी चाहिए। भक्ति करने के लिए कोई विशेष नियम नहीं है। भक्ति करने से ही भक्ति की प्राप्ति होती है। पहले साधना भक्ति करनी होती है। भक्ति से अंतःकरण शुद्ध होने पर संतों द्वारा सिद्ध भक्ति प्राप्त होती है। उन्होंने साधना भक्ति की तीन शर्तो पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पहली भक्ति समस्त इच्छाओं का त्याग, दूसरी भक्ति पर ज्ञान व कर्म का आवरण न होना, तीसरी भक्ति भगवान श्रीकृष्ण से अनुकुल भाव से प्रेम करना है। भगवान व संतों से सांसारिक सुख नहीं मांगना चाहिए क्योंकि उनके पास संसार नहीं बल्कि दिव्य आनंद है। इसी आनंद की याचना करनी चाहिए। भगवान व संत प्रारब्ध के विपरीत कुछ नहीं दे सकते हैं।

## मन जहां लगता है प्रेम भी वही होता है

साध्वी चकोरी देवी ने इंसान का भगवान के प्रति प्रेम नहीं होने के कारणों के संबंध में प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारा मन अभी भी संसार में उलझा हुआ है। मन जहां लगता है प्रेम भी वहीं होता है। भगवान को साधन सामग्री पाने की भूल कभी भी न करें। यदि मन में भगवान के प्रति सच्चा प्रेम होता तो हम भगवान से सांसारिक सुख नहीं बल्कि उनसे केवल उन्हीं को मांगते।



# अस्मिता मराठी नाट्य संस्था ने किया नाटक केस नंबर 99 का मंचन

**बिलासपुर।** बृहन्महाराष्ट्र मंडल नई दिल्ली की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। इसके तहत महाराष्ट्र मंडल बिलासपुर और बृहन्महाराष्ट्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में पारिजात स्थित महाराष्ट्र मण्डल प्रांगण में मराठी नाटक केस नंबर 99 का मंचन शनिवार को उज्जैन की संस्था अस्मिता मराठी नाट्य संस्था ने किया।

**महाराष्ट्र मण्डल पारिजात कालोनी में आयोजन**

ड्रामा केस नंबर 99 के कलाकारों ने अपने नाट्य प्रतिभा से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। साथी कलाकारों ने बेहतरीन नाट्य प्रस्तुति से ढाई घंटे तक समा बांधे रखा। नाटक के लेखक योगेश सोमन और दिग्दर्शक यशोवर्धन केलकर रहे। बिलासपुर महाराष्ट्र मंडल के दर्शकों ने भी नाटक का भरपूर आनंद लिया। मंच संचालन शीतल देवपुजारी एवं आभार प्रदर्शन महाराष्ट्र मंडल की उपाध्यक्ष उर्वशी सतर्के ने किया। उल्लेखनीय है कि इस नाटक को देखने बृहन्महाराष्ट्र मंडल दिल्ली से शेखर अमीन और सुबोध टोले आए हुए हैं।

# मनाया जा रहा शहीदी सप्ताह



**बिलासपुर।** सिखों के नौवें गुरु श्री गुरुतेग बहादुर साहिब के 350वें शहादत वर्ष को समर्पित शहीदी सप्ताह गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद बिलासपुर में श्रध्दा के साथ मनाया जा रहा है। जिसमें शुक्रवार को शाम से विशेष दीवान सजाया गया। यह 25 नवंबर तक चलेगा।

गुरुतेग बहादुर साहिब के शहादत वर्ष पर विशेष दीवान के लिए श्री अमृतसर दरबार साहिब से हजूरी रागी जत्था भाई साहब सुखवंत सिंह, चंडीगढ़ से पंथ के प्रसिद्ध कथा प्रचारक भाई साहब अमरीक सिंह, गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ सभा दयालबंद के हजूरी रागी जत्था भाई साहब मनिंदर सिंह, हेड ग्रंथी व कथा वाचक भाई साहब मान सिंह बडला कथा और कीर्तन से समूह साध संगत को निहाल करेंगे। रविवार 23 नवंबर को सुबह के विशेष दीवान सवा 7 बजे से सवा 10 बजे तक सजाए जाएंगे। संपूर्ण आशा दी वार के पाठ, कथा एवं शब्द विचार द्वारा संगत को निहाल करेंगे। इसके बाद दोपहर 11 से 4:30 बजे तक समाज के समूह साध संगत द्वारा श्लोक महला 9 का पाठ लड़ी अनुसार किया जाएगा। शाम के दीवान का समय 6:50 से साढ़े 9 बजे तक रहेगा।



**हजूरी रागी जत्था आज साध संगत को कीर्तन से करेंगे निहाल**

स्पोर्टर्स न्यूज

# सीएमडी कालेज में इंटर कॉलेज बैडमिंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



आज सीएमडी महाविद्यालय में सेक्टर स्तरीय इंटर कॉलेज बैडमिंटन (महिला) टूर्नामेंट सत्र 2025-26 का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज के बैडमिंटन हॉल में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमिश्नर, नगर निगम अमित कुमार, विशेष अतिथि एयू के रजिस्ट्रार तरुणेश गौतम एवं सीएमडी महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने की। शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे ने कहा कि हमारे महाविद्यालय का बैडमिंटन कोट राष्ट्रीय स्तर का कोट है मैं सदैव खेल के लिए समर्पित रहा हूं। जिसके लिए प्राचार्य डॉ संजय सिंह हमेशा सजग रहते हैं। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की 13 महिला टीम ने भाग लिया। प्रथम सेमी फाइनल मुकाबला बिलासा गर्ल्स कॉलेज एवं स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय के मध्य खेला गया। जिसमें बिलासा गर्ल्स के टीम ने 30 और 15 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, द्वितीय सेमी फाइनल मुकाबला सी एम दुबे महाविद्यालय बिलासपुर और सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय कोतरी के मध्य खेला गया जिसमें सी एम दुबे महाविद्यालय ने सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय कोतरी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल बिलासा गर्ल्स महाविद्यालय और सी एमडी महाविद्यालय के मध्य खेला गया जिसमें बिलासा गर्ल्स महाविद्यालय ने सी एम दुबे महाविद्यालय को 2.1 से हराया। प्रथम सिंगल मैच में सी एम दुबे महाविद्यालय के चंचल ने कल्याणी को 22.30 के अंतर से हराया, द्वितीय सिंगल मैच में प्राची ने आकाशिका को 30.22 से हराया तत्पश्चात स्कोर बराबर होने के बाद डबल्स का मैच खेला गया जिसमें बिलासा कन्या महाविद्यालय ने सी एम दुबे महाविद्यालय के चंचल और प्राची को 30.28 से हराया। शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने विजेता टीम को शुभकामनाएं प्रेषित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्राचार्य डॉ संजय सिंह ,डॉ कमलेश जैन, डॉ देवर्षि चौबे, डॉ संगीता ताम्रकार, डॉ राजकुमार पंडा, नरेन्द्र टंडन का योगदान रहा।

# एवीएम में कराते खिलाड़ियों का कलर बेल्ट ग्रेडिंग



छत्तीसगढ़ गोजू रयु कराते एसोसिएशन के तत्वावधान में एक दिवसीय कराते कलर बेल्ट ग्रेडिंग व ट्रेनिंग का आयोजन आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में रखा गया। जिसमें गुरु घासीदास विश्वविद्यालय कोनी एवं एवीएम न्यू सैनिक स्कूल के 62 कराते खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन कर कलर बेल्ट में बढ़ोतरी की।

आल इंडिया गोजू रयु कराते डू फेडरेशन के अध्यक्ष व मुख्य प्रशिक्षक हांसी एल नागेश्वर राव 8वां ब्लैक बेल्ट होल्डर्स जापान के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में खिलाड़ियों को काता और कुमिते के साथ एडवांस ट्रेनिंग भी दी गई। छत्तीसगढ़ गोजू रयु कराते एसोसिएशन के मुख्य प्रशिक्षक व एवीएम कराते कोच सेन्सई विनय गढ़ेवाल ने बताया कि प्रतिभागी 62 खिलाड़ियों में ब्राउन सेकेंड क्यू रूचि देवांगन, तृषा हलदर, डेविड साहू, पियूष यादव, ब्राउन थर्ड क्यू अराध्या जनस्वामी, आयुषि साहू आदि शामिल रहे।

# बैडमिंटन में एलसीआईटी के खिलाड़ी उपविजेता



एलसीआईटी कालेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस की बैडमिंटन टीम ने सेक्टर स्तरीय बैडमिंटन पुरुष वर्ग प्रतियोगिता मे उपविजेता होने का गौरव हासिल किया है।

इस संबंध मे जानकारी देते हुए महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आबंटित सेक्टर स्तरीय बैडमिंटन पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन 21 नवंबर को चौकसे कालेज की मेजबानी मे रेड डाइमंड बैडमिंटन कोर्ट मे आयोजित किया गया। सेक्टर स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एलसीआईटी कालेज विरुद्ध सीएमडी कालेज के मध्य खेला गया, जिसमे सीएमडी की टीम विजेता बनी। एलसीआईटी कालेज लगातार दूसरे वर्ष भी उपविजेता से संतुष्ट होना पड़ा। इससे पहले अपने पहले मुकाबले मे एलसीआईटी ने शासकीय महाविद्यालय कोतरी लोरमी को 2-0 सेट हराया। दूसरे मुकाबले मे मेजबान चौकसे कालेज को भी 2-0 सेट से हराकर सेमीफाइनल मे प्रवेश किया, जहाँ मुकाबला डीपी कालेज मध्य हुआ, जिसमे 2-0 से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया था। टीम मे विभेन्द्र प्रताप सिंह कप्तान बीए एलएलबी सातवां सेमेस्टर, वैभव पाण्डेय बीए एलएलबी तीसरा सेमेस्टर, जतिन वधवानी बीकाम तृतीय वर्ष, राजीव वधवानी बीकॉम प्रथम सेमेस्टर, रोहित पंडित बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र थे। इन खिलाड़ियों के उपविजेता होने पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, उपकार राय, प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला, उपप्राचार्य अभिनव पाल, शुभी श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ. रितेश जैन, प्राचार्य डॉ. संदीप गुप्ता, अंकुर श्रीवास्तव, आदिल डल्ला, उमेश पटनायक, अभिषेक केशरवानी, अर्जुन सिंह चौहान, शिवशंकर गुप्ता, इंजमाम, मनीष सिन्हा, नीरज सोनी व संजय सेन्द्रे आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

## खबर संक्षेप



### पीएससी में रीमा ने हासिल की उपलब्धि

**करगीरोड कोटा।** नगर के सुरेश जनरल स्टोर के संचालक सुरेश-संगीता गुप्ता की सुपुत्री रीमा गुप्ता ने सीजीपीएससी में 67वीं रैंक हासिल कर लेखा सेवा अधिकारी के पद पर चयनित होकर नगर का मान बढ़ाया है। रीमा गुप्ता को उनके माता पिता सहित स्नेहजनों के अलावा नगर के जनप्रतिनिधियों एवं बुद्धिजीवियों ने उनकी सफलता पर उत्साहवर्धन किया।

### बढ़ती ठंड को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव

**मुंगेली।** जिले में बढ़ती शीतलहर और ठंड की तीव्रता को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आदेश जारी कर विद्यालयों के समय में बदलाव किया है। उन्होंने शासकीय अनुदान प्राप्त एवं गैर अनुदान प्राप्त सभी विद्यालयों के समय में बदलाव किया है। जारी आदेश के अनुसार दो पालियों में संचालित होने वाले विद्यालय प्रथम पाली सोमवार से शुक्रवार सुबह 8.30 बजे से 11.30 बजे तक, द्वितीय पाली सोमवार से शुक्रवार दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक और एक पाली में संचालित होने वाले विद्यालय सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक तथा शनिवार को सुबह 8.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होंगे।

### धर्म विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी, आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर।** धर्म विशेष के विरूद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टिकरीपारा तखतपुर निवासी अमर निर्मलकर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, मोढ़े निवासी आरोपी जितेंद्र घृतलहरे इंस्टाग्राम पर एक धर्म के संबंध में आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी की है, जिससे इस धार्मिक विश्वासों का अपमान हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 299, 353,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### 'छत्तीसगढ़ युवा रत्न' सम्मान के लिए आवेदन 30 तक

**मुंगेली।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से युवाओं को प्रोत्साहित करने और विभिन्न क्षेत्रें में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से 'छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान योजना' वर्ष 2025-26 के लिए 30 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। वरिष्ठ खेल अधिकारी ने बताया कि, विभिन्न क्षेत्रें में अद्वितीय उपलब्धि हासिल करने वाले युवा पुरुष एवं महिलाओं को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

## निधन

### हीरालाल साहू



**पथरिया।** सरगांव निवासी हीरालाल साहू का 65 वर्ष की आयु में शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार सरगांव नगर के मुक्तिधाम मे किया गया। वे चैतराम साहू, चैनकुमार, रमेश साहू के पिता जी थे।

### तुलसी साहू



**सेतगंगा-मुंगेली।** भाजपा एवं साहू समाज के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंडल अध्यक्ष तथा पूर्व जनपद सदस्य तुलसी साहू का 66 वर्ष की आयु में शनिवार 22 नवंबर को दोपहर 3 बजे निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार रविवार 23 नवंबर को सुबह 8 बजे गृहग्राम दाबो में किया जाएगा।

### बिहारी लाल कौशिक



**तखतपुर।** ग्राम ढनढन निवासी बिहारी लाल कौशिक का 70 वर्ष की आयु में 21 नवम्बर को निधन हो गया। वे राम प्रसाद, वेदराम कौशिक के पिता थें। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम ढनढन में किया गया।

# शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधा से दूर हैं एटीआर के गांव बिंदावल और खोंडरी

## रोजाना 8 से 14 किमी पैदल चलकर स्कूल जाती हैं छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुंगेली जिले में स्थित अचानकमार टाइगर रिजर्व केवल वन्य जैव-विविधता का आश्रय नहीं, बल्कि वहां बसे सैकड़ों परिवारों की सामाजिक वास्तविकताओं का आइना भी है। इसी संरक्षित क्षेत्र में स्थित छोटा-सा गांव बिंदावल, आज़ादी के 78 वर्षों बाद भी शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधा के लिए संघर्ष कर रहा है। संघर्ष इतना कठोर कि यहां रहने वाले बच्चे हर दिन 8 किलोमीटर पैदल चलते हैं। ग्राम खोंडरी की स्थिति और भी गंभीर है। यहां के बच्चे शिक्षा पाने के लिए केंवची मार्ग पर रोज़ 14 किलोमीटर पैदल चलते हैं। यह दूरी केवल अंकों में बड़ी नहीं, बल्कि बच्चों की शारीरिक क्षमता, सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर भी भारी पड़ती है।

खास खबर



बिंदावल से ग्राम छपरवा की दूरी 4 किलोमीटर है, जंगल का रास्ता पक्का है लेकिन वीरान। बिंदावल से करीब 40 से अधिक छात्र-छात्राएं घना जंगल पार कर छपरवा पहुंचते हैं, जहाँ उन्हें कक्षा 12 तक की पढ़ाई उपलब्ध है। अचानकमार टाइगर रिजर्व के बिंदावल जैसे गांव विकास के उन दावों की सच्चाई उजागर करते हैं, जो मंचों पर चमकते हैं पर ज़मीन पर बिखर जाते हैं। बिंदावल की बच्चियां और बच्चे जिन कठिनाइयों के बावजूद प्रतिदिन स्कूल जाते हैं, वह शिक्षा के प्रति उनके संकल्प की मिसाल है। छपरवा में उच्च माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा उपलब्ध होने का श्रेय शिक्षा दूत स्वर्गीय प्रभुदत्त खैरा को जाता है, जिन्होंने अपने जीवनकाल में वनों से घिरे इस क्षेत्र में शिक्षा का दीप जलाने के लिए अथक प्रयास किए। उनके प्रयासों से यहाँ स्कूली व्यवस्था तो खड़ी हो गई, लेकिन शिक्षा के बुनियादी ढांचे और सरकारी जिम्मेदारियों का भार अब भी अधूरा ही है।

### ठीक से नहीं होती पढ़ाई

भारत को आजाद हुए 78 वर्ष बीत चुके हैं, परंतु बिंदावल और ऐसे ही कई वन आश्रित गांव आज भी गुणवत्तापूर्ण सरकारी शिक्षा के इंतजार में हैं। स्कूल तो हैं, पर वे न तो पर्याप्त संसाधनों से लैस हैं और न ही शिक्षक संख्या और गुणवत्ता के मानकों पर खरे उतरते हैं। इन बच्चों की दैनिक यात्रा केवल दूरी का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का प्रतीक है जो वर्षों से उपेक्षित रही है। जंगल पार कर स्कूल पहुँचने वाले बच्चे बच्चियां जब यह कहती हैं कि "स्कूल जाते हैं, पर पढ़ाई ठीक से नहीं होती", तो यह शिक्षा की योजनाओं के खोखलेपन पर सवाल उठाता है।

### खराब गुणवत्ता की मिली साइकिलें

राज्य सरकार की सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य छात्राओं को सुविधा प्रदान करना था, ताकि वे सुरक्षित और जल्दी स्कूल पहुंच सकें पर बिंदावल की छात्राओं के लिए यह योजना उम्मीद की जगह परेशानी बन गई। कई छात्राओं को मिली साइकिलें खराब गुणवत्ता की थीं। मात्र एक माह के भीतर ही पुर्जे अलग होने लगे और साइकिलें प्रयोग लायक नहीं रहीं। ऐसे में योजना का उद्देश्य तो दूर, साधनहीनता का दर्द और गहरा हो गया। यह स्थिति प्रशासनिक लापरवाही, निम्न स्तरीय सामग्री की खरीद और निगरानी की कमी, सभी को एक साथ उजागर करती है।

## मैकू गोंड की याद में बनाया गया था ऐतिहासिक स्मारक

# मैकू मठ स्मारक के शिलालेख क्षतिग्रस्त









एटीआर स्थित मैकू मठ जिसे असामाजिकतत्वों ने किया क्षतिग्रस्त। फोटो : सत्यप्रकाश पांडेय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिज़र्व के कोर ज़ोन में स्थित ऐतिहासिक मेकू मठ सिर्फ पत्थरों का ढेर नहीं है। यह जंगल, वन्यजीवन और उन लोगों के साहस का मौन स्मारक है, जिन्होंने इस कठिन भौगोलिक क्षेत्र में अपनी जान जोखिम में डालकर काम किया, लेकिन हाल ही में इस स्मारक के शिलालेख को तोड़ दिया गया। यह केवल एक पत्थर तोड़ने की घटना नहीं, बल्कि इतिहास, स्मृति और संवेदनशीलता पर किया गया असंवेदनशील प्रहार है।

मैकू गोंड, बिंदावल वन ग्राम के एक फायर वॉचर थे। सीमित संसाधनों के बीच जंगल की रक्षा करने वाले उन अनेक अज्ञात नायकों में से एक। 10 अप्रैल 1949 को वह आदमखोर बाघिन का शिकार बने। वन विभाग ने कार्रवाई की और 13 अप्रैल 1949 को कोटा परिक्षेत्र के रेंजर एमडब्ल्यूके खोखर ने उस बाघिन का सफाया किया। इस घटना की याद में यहां स्मारक बनाया गया। समय के साथ दूसरा स्मारक भी खड़ा किया गया। लेकिन अब नए मठ का शिलालेख किसी ने तोड़ दिया। यह कृत्य सिर्फ गलत ही नहीं, बल्कि बेहद दुखद और चिंताजनक भी है।

### कोर ज़ोन में हुई शरारत

यह क्षेत्र सामान्य नहीं है। अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्र का यह कोर ज़ोन है, जहाँ आज भी बाघों की उपस्थिति दर्ज की जाती है। ऐसे सुरक्षित क्षेत्र में किसी का घुसकर शिलालेख तोड़ देना सुरक्षा व्यवस्था और संवेदनशीलता दोनों पर प्रश्नचिह्न लगाता है। मैकू मठ का शिलालेख केवल पत्थर नहीं था। वह उस व्यक्ति के साहस का प्रतीक था, जिसने वन की रक्षा करते हुए अपना जीवन आहुति कर दिया।

### स्मारक, इतिहास का संरक्षक

एक समाज तभी सभ्य माना जाता है जब वह अपने इतिहास, अपने नायकों और अपनी विरासत को संजोकर रखे। मेकू मठ का शिलालेख केवल पत्थर नहीं था। वह उस व्यक्ति के साहस का प्रतीक था, जिसने वन की रक्षा करते हुए अपना जीवन आहुति कर दिया। उस स्मृति को नष्ट करना न केवल अपराध है, बल्कि हमारे सामाजिक विवेक पर भी गहरा धब्बा है। ऐसा कृत्य किसी 'शैतानी दिमाग' की उपज है और इससे कठोर संदेश जाना चाहिए कि इतिहास और संरक्षित क्षेत्रों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए, दोषियों की पहचान करके उन्हें दंडित करना चाहिए।



# अनुशासन व टीम भावना को बढ़ावा देता है कबड्डी का खेल

**मल्हार।** बिलासा देवी कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे मुख्य अतिथि एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि धनेश्वर कैवर्त विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से खिलाड़ियों और दर्शकों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

ज्वाला बंजारे ने कहा कि, ग्रामीण प्रतिभाएं खेलों में प्रदेश और देश का नाम रोशन करने की क्षमता रखती हैं। कबड्डी जैसे खेल युवाओं में अनुशासन, साहस और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि, ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं, और सामाजिक एकता को भी मजबूत बनाते हैं। मल्हार में आयोजित इस रोमांचक प्रतियोगिता को देखने हजारों की संख्या में दर्शक पहुंचे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए माहौल को जीवंत बनाए रखा। कार्यक्रम के अंत में विजेता टीम को इनाम प्रदान किया गया एवं खिलाड़ियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गणेश दत्त, राजू तिवारी, विष्णु पार्षद, रामहरि कैवर्त, सुजीत राजभानु, उमेश कैवर्त, राजू कैवर्त, रामू कैवर्त, रामलाल कैवर्त, तथा मिलु कैवर्त सहित अन्य उपस्थित रहे।



# गौरहा ने शुभचिंतकों के साथ मनाया जन्मदिन

पॉलिटिक्स प्लस

**लगरा।** बेलतरा विधायक प्रतिनिधि उमेश गौरहा ने अपना जन्मदिन शुभचिंतकों के बीच रतनपुर-पेंड्रा मार्ग पर स्थित कारीआम में केक काटकर मनाया। उन्होंने दिन की शुरुआत देव स्थलों पर मत्था टेककर आशीर्वाद लेकर की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की समृद्धि व खुशहाली की कामना की गई।

जन्मदिन के अवसर पर गौराहा ने कहा कि, विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में मुझे सेवा करने का अवसर मिल रहा है। यह मेरे शुभचिंतकों के आशीर्वाद की वजह से है। इस दौरान उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के बारे में जानकार देते हुए बताया कि, विगत 40 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा हुआ हूं। संगठन में रहकर विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करने का अवसर मिला। मैंने हमेशा सेवा, समर्पित व निस्वार्थ भावना से काम किया। कार्यकर्ता व शुभचिंतक मेरे परिवार की तरह हैं। जन्मदिन पर श्री गौराहा को सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला महामंत्री जनक देवांगन, जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि जागेंद्र कश्यप, मंडल अध्यक्ष मनीष कौशिक, रत्नाकर श्रीवास, मणीदास मानिकपुरी, अनिल पांडेय, यशवंत सिंह, पवन सिंह, प्रहलाद यादव, दिनेश सिंह, मनोज पटेल, सुनील श्रीवास, संतोष दुबे, कमल पटेल, भरत कश्यप, बुध्देश्वर कश्यप, गंगा राम साहू, छत्रपाल सिंह, संकट मोचन चौबे, सुनील कश्यप सहित बड़ी संख्या में शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी।

## 14 गांव की टीमों के बीच हुआ विभिन्न खेलों में मुकाबला

# खजुरी में सांसद खेल महोत्सव का समापन

**सकरी।** ग्राम खजुरी में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का समापन शनिवार 22 नवंबर को हुआ। अंतिम दिन विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं और उनकी टीम को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, सांसद खेल महोत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं की ऊर्जा, अनुशासन और प्रतिभा को एक मंच देने का अभियान है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो ऐसे अवसरों की जो उन्हें जिला और राज्य स्तर तक पहुंचाएं। अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति अंबिका साहू ने कहा कि, खेल मन को सकारात्मकता देता है और बच्चों में टीम भावना, नेतृत्व व आत्मविश्वास का विकास करता है। विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि, खजुरी जैसे ग्रामीण अंचल में खेल महोत्सव का सफल आयोजन यह दर्शाता है कि, गांव अब प्रतिभाओं का केन्द्र बन रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता खजुरी सरपंच राधा अविनाश वर्मा ने की। खजुरी में

■ यह अनुशासन, प्रतिभा को मंच देने का अभियान : संतोष



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि।

कुल 14 ग्राम खजुरी, मेढ़पार बाजार, कुरेली, सकेती, कोड़ापुरी, विंध्यासार, लाखासार, मुरू, केकडार, सागर, बोड़सरा, बूटेना, खरकेना एवं मेढ़पार छोटा गांव की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। कबड्डी प्रतियोगिता बालिका वर्ग में विजेता मुरू ने बाजी मारी, वहीं सकेती की टीम उपविजेता रही। इसी तरह कबड्डी बालक वर्ग में विजेता मुरू एवं उप विजेता सकेती की टीम रही।

नींबू दौड़ में बालक वर्ग विजेता चंद्रजीत डहरिया मुरू, उपविजेता संजय कुमार मुरू एवं बालिका वर्ग विजेता कलेश्वरी महिलांगे लाखासार, उपविजेता रेशमा सोनवानी लाखासर रहीं। रस्साकसी प्रतियोगिता में बालक वर्ग विजेता मुरू, उप विजेता लाखासार, बालिका वर्ग विजेता मुरू उप विजेता लाखासार, बोरादौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग विजेता भूपेंद्र केवट मुरू, उप विजेता पुष्पेंद्र केवट लाखासार सहित फुटबॉल, बाली बाल, 400 मीटर दौड़ में विजेता और उप विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपसरंपच सुनील जगत खजुरी, घनश्याम छेदाम, संतोष नारायण सिंह ब्लॉक अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज तखतपुर, अवधराम ध्रुव पूर्व सरपंच, पंच राजिम देवी, सरस्वती छेदाम, वंदना ध्रुव, चंद्रप्रकाश कोसले, रामेश्वर ध्रुव, दिनेश मरकाम, सचिव अक्षय श्रीवास, प्राचार्य हाईस्कूल खजुरी लखेश्वर कमलेश, प्रधानपाठक टीआर साहू, एमआर मानिकपुरी, होनहार वैष्णव विजय कौशिक, दिनेश खरे, उमेश कौशिक, कमल कौशिक, भगत साहू, एमआर यादव एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल जायसवाल एवं आभार प्रदर्शन सरंपच प्रतिनिधि डॉ अविनाश वर्मा ने किया।



# एसआईआर को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

एसआईआर को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में तखतपुर विमल अग्रवाल एवं अमित यादव ने बैठक की। बैठक के दौरान विमल अग्रवाल कहा कि, इन दिनों निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची में विशेष गहन पुर्नरीक्षण एसआईआर चल रहा है, जिस पर हम सभी को ध्यान देना है।

उन सभी मतदाताओं की पहचान करें, जो इस क्षेत्र के मतदाता नहीं है। उनका नाम मतदाता सूची में यदि दर्ज है, तो उनकी सूचना जरूर निर्वाचन कार्यालय को दें, ताकि कोई भी अप्रात्र मतदाता सूची में न रहे। इस बात का भी हम ध्यान रखे मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाताओं का नाम न छुटे। कांग्रेस के सभी पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करें और बताए कि मतदाता सूची को वे भी देखे और इस बात पर विशेष ध्यान दे कि यदि यहां के के निवासी नही है तो उसका नाम मतदाता सूची में न रहे। इस अवसर पर विमल अग्रवाल, अमित यादव, आतमजीत सिंह मक्कड़, सुरेश सिंह ठाकुर, बिहारी देवांगन, सुनील जांगड़े, शैलेंद्र निर्मलकर, हरविंदर हूरा, बबलू गुप्ता, अभिषेक पाण्डेय, नट्टू जायसी, दिनेश देवांगन, अजय सिंह ठाकुर, उमेश ठाकुर, लक्ष्मी यादव, संदीप पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र........../25-26
स्थान - चरनीटोला
प.ह.न. 23

एतद द्वारा ग्राम **चरनीटोला** के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदका **सीता राम जांगडे** पिता/ पति लतेल जांगडे जाति **सतनामी** ग्राम चरनीटोला जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि अपने स्वयं के पिता/पति / **माता**/पिता/ पुत्र / पुत्री / भाई **सफरी बाई** के दिनांक 14.01.2015 के जन्म / **मृत्यु** होने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह दिनांक 02/12/2025 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय, मरवाही, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**

**शपथ - पत्र**

मैं प्रांजल ताम्रकार आ. अशोक कुमार ताम्रकार, उम्र 39 वर्ष, जाति-तमेर, निवासी नगर पंचायत-मरवाही, थाना व तहसील मरवाही, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.) का निवासी होकर निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करता हूं-

1.यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। 2.यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम पार्थ ताम्रकार है, जो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। 3.यह कि मेरे पुत्र पार्थ ताम्रकार के आधार कार्ड क्रमांक 2660 8634 2373 में मेरे पुत्र का घरेलू नाम प्रघुमन ताम्रकार दर्ज हो गया है। 4.यह कि मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक 2660 8634 2373 में पुत्र का नाम प्रद्युमन ताम्रकार के स्थान पर पुत्र का वास्तविक नाम पार्थ ताम्रकार दर्ज कराना चाहता हूँ। जिस हेतु यह शपथ पत्र सर्व साधारण की जानकारी हेतु दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित करने हेतु निष्पादित कर रहा हूँ।

शपथकर्ता
प्रांजल ताम्रकार

**सत्यापन**

मैं प्रांजल ताम्रकार, उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 तक में लिखी समस्त बातें मेरे स्वयं की जानकारी में सत्य व सही है जिसे आज दिनांक 20.11.2025 को स्थान-मरवाही में लिखाकर, पढ़कर,समझकर, सही होना पाकर, अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता
प्रांजल ताम्रकार

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**समंस**

क्रमांक/क/तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 21/11/2025

एतद् द्वारा श्रीमती सुनीता पति संतोष निवासी टिकरापारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि ग्राम चिल्हाटी प.ह.नं. 29 तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 180/1 रकबा 0.0360 हे.हेतु आवेदक मोहम्मद फारूख अंसारी पिता अब्दुल गफ्फार अंसारी निवासी तैबा चौक तालापारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 26/11/2026 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 26/11/2026 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर मय दस्तावेज जवाब पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात दस्तावेज एवं जवाब स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 21/11/2026 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

मा.क्र. ब-121/2025-26,
ग्राम घुरू, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम घुरू प.ह.न. 61 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है आवेदक कान्हा सूर्यवंशी पिता स्व. छोटेलाल सूर्यवंशी निवासी घुरू तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम घुरू प.ह.नं. 61 रा.नि.नं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 490 रकबा 0.0320 हे./0.08 एकड़ भूमि वर्तमान ऑनलाइन राजस्व रिकार्ड एवं किसान-किताब में प्रमोद कान्हा विजय प्रदीप श्यामा बाई पिता छोटेलाल, छेदीन बाई पति बेवा हेमलाल, उमेंदबाई बेवा छोटेलाल सुभाष कौशिल्या बाई रूखमणीबाई पिता हेमलाल के नाम दर्ज है। उक्त भूमि का सीमांकन कराने पर नक्शा में रकबा 0.05 एकड़ दर्शित हो रहा है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 26/11/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 12/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार सकरी**

**न्यायालय श्रीमान नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

श्रीमती शकीला खान...........वादिनी
**// बनाम //**
**छ.ग.शासन व अन्य........ प्रतिवादीगण**

व्य.वाद क्र. A./351/2025
पेशी ता. 17.12.2025
आदेश दिनांक 19.11.2025
प्रोसेस नं. 1030

**आम जनता जिनका इससे संबंध हो**
....प्रतिवादी क्र.02

वादिनी ने प्रतिवादीगण के विरुद्ध माननीय न्यायालय के समक्ष एक वाद वास्ते घोषणा का श्रीमती शकीला खान विरुद्ध छ.ग.शासन वगैरह दावा प्रस्तुत किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 17.12.2025 को नियत है। प्रतिवादी क्रमांक 02 आम जनता को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस/समंस का प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में पेशी दिनांक **17.12.2025** को दिन के 11.00 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें, अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक **17.12.2025** को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस को की जावेगी।

अत: आज दिनांक 20.11.2025 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक - 20/11/2025
स्थान- बिलासपुर (छ.ग.)

**(कु.कोनिका यादव)**
**नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन /रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक -11/12/2025

प्रति,

1. आवेदक अशोक कुमार, कैलाश सोनी पिता एस.बी.सोनी

आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी:-

2.कुनाल गंगोत्री पिता घनश्याम प्रसाद सा.राजकिशोर नगर 3. कुमार सोमावार 4. शिप्रा झा प्रगति विहार 5. मेसर्स माँ शान्ती कंस्ट्रक्शन एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

विषय: सीमांकन में उपस्थिति बाबत

संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार के ज्ञापन क्रमांक Q/तह./ना.तह./वा./2025 बिलासपुर, दिनांक 29/10/2025

ग्राम बिजौर प.ह.नं.30, रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 394/3 रकबा 0.2190 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक अशोक कुमार, कैलाश सोनी निवासी जूनी लाईन के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 26/11/25 को समय 10.00 से 05.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**

**समक्ष:- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

**// नोटिस //**

श्रीमती सबिता दास....आवेदिका
**विरुद्ध** आम जनता वगैरह....अनावेदकगण
उत्तराधिकार वाद क्र. 65/2025
श्रवण दिनांक : 06/12/2025
प्रो.नं. 183/25 दिनांक

**बनाम:** आम जनता जिस किसी का हित हो।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सबिता दास उम्र 78 वर्ष पति-स्व.श्री रंजीत दास निवासी-फ्लैट नं. 304 सी.के. टॉवर्स चड्डा बाड़ी नेहरू नगर बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.) ने इस न्यायालय में स्व.रंजीत दास आ.स्व.कालीपद दास निवासी-फ्लैट नं. 304, सी.के.टॉवर्स चड्डा बाड़ी नेहरू नगर बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के मृत्यु के उपरांत उत्तराधिकार प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में दिनांक 06/12/2025 को दिन के 11 बजे सुनवाई हेतु नियत है।

अतः जिस किसी को भी उपरोक्त उत्तराधिकार प्रमाणपत्र में कोई दावा या आपत्ति हो तो वह श्रवण दिनांक 06/12/2025 को दिन के 11 बजे स्वयं अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से जिसे सम्यक अनुदेश दिये गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके, इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथी पर किसी कारणवश अवकाश घोषित किया जाता है उस स्थिति में वाद की सुनवाई अगले कार्यदिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 11/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक-11-11-25
बिलासपुर (छ.ग.)

**(असलम खान)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### जेल अधीक्षक के लिए चयनित हुए नीशू



तखतपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में शिक्षक नीशू कश्यप का सहायक जेल अधीक्षक के पद पर चयन हुआ है। नीशू परसाकापा के सरपंच श्याम सुंदर कश्यप के सुपुत्र हैं। अपने चयन पर उन्होंने ने कहा कि, अभी मेरा प्रयास जारी रहेगा, जो भी परिणाम मुझे मिला है उसको ध्यान में रखकर फिर से प्रयास करूंगा। और यह परिणाम मुझे मेरे गुरूजनों और परिजनों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### डीएवी गोढ़ी में पौधरोपण कार्यक्रम



बिल्हा। डीएवी पब्लिक स्कूल गोढ़ी में पौधरापण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार तथा उद्यानिकी पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएन पाण्डेय ने कहा कि, पौधरापण कार्यक्रम में शामिल होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। पेड़ हमारे पर्यावरण के संरक्षक हैं, जो वायु को शुद्ध करते हैं, साथ ही जल संरक्षण में भी सहायक होते हैं। प्रत्येक लगाया गया पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मूल्यवान उपहार है। हमें न केवल पौधे लगाने चाहिए, बल्कि उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए, ताकि वे स्वस्थ वृक्ष बन सकें। पौधरापण कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य के नेतृत्व में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अग्रसेन कॉलेज को 9 पदक



बिल्हा। नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी द्वारा बहतराई स्टेडियम बिलासपुर में आयोजित सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण व 8 कांस्य सहित कुल 9 पदक हासिल कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में पुरुष बाधा दौड़ में इजहार कुमार ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी तरह 800 मीटर दौड़ में रूपेश्वरी साहू, गोला फेंक में बृजेश, तवा फेंक में विनय साहू, ऊंची कूद में रामरति, त्रिकूद में हरीश राजपूत एवं नेहा ने कांस्य पदक हासिल किया। साथ ही 20 किलोमीटर पैदल चाल में संजना एवं लेखराम ने भी कांस्य पदक प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ सावित्रि त्रिपाठी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ आलोक कुमार चौरसिया सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने विजेता एवं प्रतिभागी छात्रों को बधाई दी।

### स्थानांतरित शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई



लोरमी। शास पूर्व माध्यमिक शाला गैंजी के स्थानांतरित शिक्षक परमेश्वर पटेल के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन प्राचार्य श्यामलाल पात्रे की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य पात्रे ने कहा कि, विदाई का पल बहुत ही भावुक होता है। शिक्षक परमेश्वर पटेल सरल स्वभाव के मेहनती, कर्मठ एवं लग्नशील व्यक्ति रहे हैं। विद्यालय के सभी कार्यों में सहयोग किए। परमेश्वर पटेल ने बच्चों से कहा कि, आप लोग अनुशासित होकर खूब मन लगाकर पढ़ाई करें, तो सफलता अवश्य मिलेगी। इस अवसर पर प्राचार्य ने स्थानांतरित शिक्षक को शाल, श्रीफल व छत्तीसगढ़ महतारी का चित्र देकर सम्मानित किया। साथ ही छात्रों ने शिक्षक को रामचरित मानस एवं अन्य उपहार भेंट किए। समारोह में व्याख्याता डीके सिंह राजपूत, मनोज पात्रे, संतोष घृतलहरे, अभयराम साहू, पूजा साहू एवं मिडिल स्कूल से प्रधानपाठक उषा साहू, शिक्षक चंदेल राम जायसवाल, संजय कौशिक, निशा ठाकुर व शैक्षिक समन्वयक रामकुमार कश्यप उपस्थित रहे।

### एक मुट्ठी चावल का समाज कल्याण के लिए सार्थक उपयोग



लोरमी। श्रीराम प्रभात फेरी राम्हेपुर एन प्रतिदिन प्रभात फेरी से मिले चावल से लगभग 35 हजार रुपए की राशि एकत्रित की। उक्त राशि से समाजिक कार्यक्रम के लिए उपयोगी समाग्रियों की खरीददारी की गई। सामूहिक शक्ति से पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वस्थ जीवन की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाते हुए प्लास्टिक, पत्तल, गिलास और दोना मुक्त समाज की स्थापना के लिए ग्राम में बर्तन बैंक की शुरुआत की गई। बर्तन बैंक में उपलब्ध बर्तन सभी के लिए पूरी तरह से निशुल्क होंगे। जितेंद्र सिंह ने बताया कि, बर्तनों का उपयोग समाज के किसी भी कार्यक्रम के लिए किया जा सकेगा। श्रीराम प्रभात फेरी का संचालन राधेश्याम, प्रहलाद, जनक, लालजी, मंसाराम, रामचरित, कृष्णा, कैलाश, रविकांत, दिग्विजय, भागवली, झरोखा, नीलू, छोटेलाल, कन्हैया, अश्विनी, संतोष, अवधेश, दुर्गेश, राहुल, राधे, प्रमोद, संजय, वासु, महेश, धनराज, किशन, हरदेव, दिलीप, परमानंद एवं ग्रामवासियों के द्वारा पिछले तीन वर्षों से किया जा रहा है।

## बीईओ और प्राचार्यों की बैठक में शामिल हुए कलेक्टर, एसपी व जिपं सीईओ

# विद्यार्थियों के कमजोर प्रदर्शन पर प्राचार्यों के खिलाफ होगी कार्रवाई

मुंगेली। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत मिशन 90 प्लस परीक्षा परिणाम के संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों व सभी स्कूल प्राचार्यों की बैठक लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में विद्यालयवार शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा की गई तथा कमजोर प्रदर्शन पर कई प्राचार्यों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों से बच्चों की शैक्षणिक स्थिति की जानकारी ली और कहा, शिक्षा उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। एक सफल छात्र पूरे समाज के लिए प्रेरणा बनता है, इसलिए विद्यालय में उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के बेहतर प्रयासों की सराहना करते हुए शासकीय उमा विद्यालय फास्टरपुर की प्राचार्य पूर्णिमा मिश्रा, बीआरसाव स्कूल मुंगेली के प्रभारी प्राचार्य राजेन्द्र क्षत्रिय एवं शासकीय उमा विद्यालय दशरंगपुर के व्याख्याता विकास शर्मा को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं शासकीय हाईस्कूल चमारी चि, हाईस्कूल बीजातराई, हाईस्कूल जोता, हाईस्कूल भथरी, हाईस्कूल खुटेरा, हाईस्कूल कन्या पथरिया, हायर सेकेंडरी स्कूल चकरभठा, कन्या मुंगेली, नपा मुंगेली, मनोहरपुर, चंदली, कन्या सरगांव, सिलदहा, सेजेस हिन्दी माध्यम सरगांव के साथ सी, डी एवं ई ग्रेड परिणाम वाले विद्यालय के प्राचार्यों पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए परिणाम में सुधार हेतु चेतावनी दी। साथ ही हायर सेकेंडरी पुछेली के प्राचार्य की एक दिन की सैलरी काटने तथा फुलवारी स्कूल के प्राचार्य को नोटिस जारी कर हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, बीईओ एबीईओ, बीआरसी को विद्यालयों का सतत मॉनिटरिंग करने के साथ पाठ्यक्रम पूर्णता की जानकारी एवं शिक्षकों की डेली डायरी अवलोकन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि, शिक्षा गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### बेहतर हो रही है शिक्षा गुणवत्ता

जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि, कलेक्टर के मार्गदर्शन में शिक्षा गुणवत्ता लगातार बेहतर हो रही है। कमजोर बच्चों की पहचान कर अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जा रही हैं। शिक्षक द्वारा पालकों से नियमित संपर्क कर बच्चों की निगरानी और शिक्षा प्रगति में सुधार के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे, डीएमसी अशोक कश्यप, बीईओ और सभी स्कूलों के प्राचार्य मौजूद रहे। बैठक में विद्यार्थियों की अपार आईडी की प्रगति, पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना, पीएम पोषण न्योता भोज तथा आरईएस निर्माण कार्य की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि, अपार आईडी से संबंधित कार्यों में एक सप्ताह के भीतर लक्ष्य अनुसार प्रगति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने आरईएस अंतर्गत विद्यालयों में निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में त्वरित प्रगति लाने और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी शुरू



सेतगंगा-मुंगेली। टेढ़ाधौरा सेवा सहकारी समिति के उप केन्द्र पौनी उपार्जन केंद्र में धान खरीदी का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। धान बिक्री करने वाले प्रथम किसान यशवंत बर्मन सनन्दन मानपुर से 52.80 क्विंटल एवं जितेंद्र कुमार बर्मन कौशल प्रसाद चुचरुगपुर से 62.80 क्विंटल मिलाकर कुल 115.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत पौनी के सरपंच भारत रत्न मंडेला, समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सत्यप्रकाश सिंह ठाकुर, धान खरीदी प्रभारी किशुन साहू, उप सरपंच बलदाऊ साहू, कम्प्यूटर आपरेटर, ग्रामीण उग्रेन सिंह ठाकुर, कामता प्रसाद साहू, होरीलाल यादव, नरेश बर्मन, राजकुमार बर्मन, भागवत बर्मन, साहेबदास खांडे तारंजय साहू, छैल कुमार निषाद, रामावतार साहू, ताराचंद साहू,रमेश यादव, समिति के हेमाल सहित किसान उपस्थित रहे।

### कौड़िया में हुआ शुभारंभ



सीपत। क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों में किसानों को असुविधा न हो, इसके लिए सरकार ने धान उठाव के साथ ही किसानों के खातों में पैसे डालने का निर्णय लिया है। किसानों की गाढ़ी कमाई का पैसा बिचौलियों के हाथ में ना जाए, इसकी ओर भी शासन-प्रशासन विशेष निगरानी रखेगी। सीपत क्षेत्र के ग्राम कौड़ियां धान खरीदी केंद्र में किसानों ने अपनी धान बिक्री का श्रीगणेश किया। समिति के प्राधिकृत अधिकारी आशीष बाकरे ने बताया कि, केंद्र में धान की चोरी न हो, इसका ध्यान रखते हुए चारों ओर सीसीटीवी कैमरे के अलावा अन्य व्यवस्थाएं भी चाक-चौबंद हैं। संपूर्ण जवाबदारियों के साथ सेवा सहकारी समिति कौड़ियां में धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नोडल राजस्व विभाग से हल्का पटवारी तंवर, आशीष बाकरे, लक्ष्मी प्रसाद श्रीवास, सरपंच प्रतिनिधि धनेश्वर साहू, सरपंच रामदेव भेड़पाल, भागवत यादव, तिहारु खेलन पटेल, शैलेश जायसवाल, कुंज बिहारी यादव, लक्ष्मी नारायण पटेल, चौकीदार डोल नारायण पटेल, बाबूलाल पटेल एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### तखतपुर की तीन महिला सरपंचों को स्वच्छ संकल्प पुरस्कार



सकरी। स्वच्छता के लिए अपने ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला सरपंचों को रायपुर में आयोजित महिला सरपंच सम्मेलन में तखतपुर विकासखंड के ग्राम खजुरी सरपंच राधा अविनाश वर्मा, बेलमुंडी सरपंच रमा विश्राम कौशिक एवं छतौना सरपंच राधिका राकेश कौशिक को प्रदेश के पंचायत मंत्री विजय शर्मा के हाथों पुरस्कृत किया गया। विदित हो कि, प्रत्येक जिले से 6 महिला सरपंचों का चयन इस पुरस्कार के लिए किया गया, जिसमें बिलासपुर जिले के तखतपुर क्षेत्र से ही तीन महिला सरपंचों का चयन हुआ। तीन महिला सरपंचों के पुरस्कृत होने पर क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, तखतपुर विखं की तीन महिला सरपंचों ने स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप दिया है। निश्चित ही इनका प्रयास सराहनीय है।

### कलेक्टर, एसपी ने की विद्यार्थियों के बनाए मॉडलों की सराहना



मुंगेली। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कंतेली में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल शामिल हुए। उन्होंने छात्र-छात्रओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न विज्ञान एवं व्यावसायिक शिक्षा आधारित मॉडलों का अवलोकन किया। मेले में विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, नवाचार सहित विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शित किए। अधिकारियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और कौशल विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि, इस प्रकार के आयोजन छात्रों में शोध भावना और नवाचार को बढ़ावा देते हैं। वहीं एसपी ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### गर्मी में नहीं होगी धान की खेती किसानों ने लिया संकल्प



पथरिया। जनपद पंचायत पथरिया के ग्राम पंचायत सिलतरा में ग्राम के जनप्रतिनिधियों एवं किसान की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायत सिलतरा के समस्त ग्रामवासियों एवं आम जनमानस ने सर्वसम्मति से गर्मी के मौसम में धान की फसल नहीं लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही किसानों ने बताया कि, यदि कोई किसान इस निर्णय का पालन नहीं करेगा तो उससे 51 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया जाएगा। बैठक मे जगदीश प्रसाद वर्मा सभापति सहकारिता एवं उद्योग, तामेश्वर वर्मा सरपंच, जीवन मरावी, तुकाराम मरावी, नरेन्द्र कुमार राजपूत, डॉ घनश्याम वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, भारत कुमार साहू, प्रीतम सिंह राजपूत, टीकाराम वर्मा, ओंकार वर्मा, सोहन यादव, कोमल, चंदेल, नीतीश कुमार वर्मा, श्रवण कुमार वर्मा, दुर्गेश कुमार साहू, रघ्घु वर्मा, करन साहू, तोरन साहू, भिमेंश साहू, प्रेमु साहू, केशलु साहू, मुरारी लाल साहू आदि मौजूद थे।

### एसआईआर के तहत कांग्रेस की बीएलए प्रशिक्षण कार्यशाला



करगीरोड कोटा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बीएलए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन साहू धर्मशाला में किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से अजय श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। मास्टर ट्रेनर दिलीप श्रीवास और परमेश्वर मिर्री ने सभी बीएलए को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश, नई प्रक्रियाएं तथा फॉर्म भरने की विधि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कांग्रेस पदाधिकारी अजय श्रीवास्तव ने कहा कि, बीएलए का दायित्व मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है, जिसके लिए सभी को जिम्मेदारी और सजगता के साथ कार्य करना आवश्यक है। प्रशिक्षकों एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आगामी पुनरीक्षण कार्य को पूरी गंभीरता, सतर्कता से संपन्न करने का आग्रह किया।

# शराब दुकान मामले पर आठ सदस्यीय जांच टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली/सेतगंगा



जिले के सिपाही-सेतगंगा मार्ग पर प्रस्तावित शराब दुकान खोले जाने पर स्थानीय लोगों द्वारा विरोध दर्ज कराया गया। इस मामले में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने गंभीरता से लेते हुए आवेदन की जांच एवं वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन करने आठ सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। यह टीम वास्तविक स्थिति का आंकलन करेगी और जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर आगे की प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

टीम में एसडीएम मुंगेली अजय शतरंज, उप पुलिस अधीक्षक नवनीत पाटिल, जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय, तहसीलदार कुणाल पांडेय, सहायक जिला आबकारी अधिकारी रवीन्द्र पांडेय, थाना प्रभारी फास्टरपुर-सेतगंगा गिरिजा शंकर यादव, नायब तहसीलदार हरीश यादव और आबकारी उप निरीक्षक जयसिंह मरकाम शामिल हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार टीम ग्राम पंचायत बोदा अंतर्गत खुलने वाले देशी कंपोजिट शराब दुकान के विरोध में प्राप्त ज्ञापन के तथ्यों की जांच हेतु टीम के अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया एवं तथ्यों की जांच की। उल्लेखनीय है कि, जांच दल एवं आबकारी कार्यालय में उक्त देशी कंपोजिट शराब दुकान को शीघ्र खोले जाने के लिए भी क्षेत्र से पत्र प्राप्त हुए हैं।

### विद्यार्थियों ने किया नवोदय विद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण



मुंगेली। नवोदय कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। कृष्णचंद्र ताम्रकार द्वारा विद्यार्थियों को विद्यालयीन परिसर, स्मार्ट क्लास, आर्ट एंड क्राफ्ट क्लास, कम्प्यूटर लैब, असेंबली हाल, स्पोर्ट्स ग्राउंड, भोजनालय, कैंटीन एवं छात्रवास का भ्रमण कराया गया। सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। नवोदय विद्यालय भ्रमण से बच्चों में प्रतियोगी परीक्षा के प्रति अधिक उत्साह जागृत हुआ है। नवोदय विद्यालय के प्राचार्य महोदय ने सभी बच्चों को परीक्षा में सफलता के लिए आशीर्वाद दिया।

## कृषक प्रशिक्षण व बीज वितरण कार्यक्रम



मल्हार। कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर द्वारा संचालित गेहूं में जैव संवंधित किस्मों का समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन ग्राम पचपेड़ी में 20 नवम्बर को किया गया। साथ ही कृषक प्रशिक्षण एवं आदान समाग्री बीज, जैव खाद वितरण कार्यक्रम सफलता पूर्वक आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सतकली बावरे ने प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि, कृषकों के स्वास्थ्य में सुधार व रकबा बढ़ेगा, क्यूंकि पूसा तेजस किस्म में जिंक, आयरन व प्रोटीन पाया जाता है। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि चंद्रा प्रकाश कुर्रे ने बताया गया कि, गेहूं प्रदर्शन से हमारे ग्राम में फसल विविधिकरण को बढ़ावा मिलेगा। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ हेमकान्ति बंजारे ने कृषकों को उन्नत उत्पादन तकनीक के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ निवेदिता पाठक ने जैव संवंधित किस्मों के पोषक तत्व की जानकारी दी। इंजीनियर पंकज मिंज द्वारा गेहूं की खेती में उन्नत तकनीक मशीन सीड कम फर्टिलाजर ड्रिल ट्रैक्टर से बोने की जानकारी दी एवं कम लागत में अधिक उत्पादन करने व अधिक से अधिक किसान भईयों को गेहूं फसल लगाने की सलाह दिया। इस प्रशिक्षण में ग्राम के कृषक मित्र, कृषक व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 50 से अधिक साहित्यकारों की रही उपस्थिति

# कविता चौपाटी से का उत्सव मिलन एवं सम्मान समारोह

रतनपुर। 'कविता चौपाटी से' की ओर से आयोजित नवरात्रि से लेकर कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु नानक जयंती तक चले उत्सव मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन खूंटाघाट में हुआ। कार्यक्रम में बिलासपुर, जांजगीर, मल्हार, मस्तूरी, पचपेड़ी और रतनपुर सहित विभिन्न अंचलों के पचास से अधिक साहित्यकारों एवं रचनाकारों ने सहभागिता दर्ज की।



जांजगीर से प्रसिद्ध मंच संचालक सुरेश पैगवार, मल्हार से छत्तीसगढ़ी गीतों के ओजस्वी रचनाकार जगतारन डाहिरे, तथा पचपेड़ी से नहेतरू मधुकर, दिलीप दिलफरोस, दुर्गा प्रसाद मेच्छा कार्यक्रम में उपस्थित रहे। रतनपुर से साहित्यकार भानुप्रताप कश्यप, आशाराम कश्यप, बुद्धिसागर सोनी, वरिष्ठ साहित्यकार काशीराम साहू, तथा न्यू प्रेस क्लब रतनपुर के अध्यक्ष यूनूस मेमन एवं सचिव प्रमोद कुमार कश्यप भी कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ आरती झा ने की एवं मुख्य अतिथि राघवेन्द्रधर दिवान, विशिष्ट अतिथि डॉ विनोद कुमार एवं महेतरू मधुकर रहे। सत्र का प्रारंभ विश्वनाथन द्वारा एक घंटे के मनोरंजक खेल से हुआ, जिसमें नंबर, आउट तथा हाउजी प्रमुख रहे। खेलों के विजेता डॉ विनोद वर्मा, धनेश्वरी सोनी, एनके शुक्ला, आरती राय, पुष्पा श्रीवास आदि रहे। काव्य गोष्ठी की शुरुआत जगतारन डाहिरे ने छत्तीसगढ़ी गीतों से की। इसके पश्चात राकेश खरे, दिलीप दिलफरोस, आरती राय, धनेश्वरी सोनी, सुरेश पैगवार, एनके शुक्ला, शैलेन्द्र गुप्ता, दिनेश्वर राव जाधव, जलेश्वरी देवी, शत्रुघ्न जैरवानी, शाद दुर्गा प्रसाद गेरा, पूर्णिमा तिवारी आदि ने काव्य-पाठ कर उत्सव को ऊर्जा प्रदान की। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता डॉ जीडी पटेल 'पुष्कर' ने की। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि मधु मौर्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार काशीराम साहू, पत्रकार यूनूस मेमन, डॉ विनोद वर्मा मौजूद रहे। साथ ही राघवेन्द्रधर दिवान, बुद्धिसागर सोनी एवं सतीश पाण्डेय भी मौजूद रहे। कविता चौपाटी की 56वीं कड़ी में रतनपुर के साहित्यकार प्रमोद कश्यप की दो कविताओं का अनावरण किया गया। साथ ही उन्हें शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने दोनों कविताओं का पाठ कर खूब सराहना बटोरी। डॉ जीडी पटेल एवं मधु मौर्य ने कविता चौपाटी के इस आयोजन की सराहना की तथा रतनपुर के साहित्यकारों के सहयोग को विशेष रूप से रेखांकित किया। कार्यक्रम के दोनों सत्रों का सफल संचालन सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार महेश श्रीवास एवं आभार व्यक्त अश्विनी पांडेय ने किया।

## तोमर की गिरफ्तारी मामला महाआंदोलन की चेतावनी

तखतपुर। विरेंद्र तोमर की गिरफ्तारी के दौरान पत्नि और परिजनों से दुर्व्यवहार करने के मामले में करणी सेना ने 7 दिसम्बर को महाआंदोलन करने की चेतावनी दी है।



करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राज शेखावत ने पुलिस और शासन से मांग की है कि, किसी भी अपराधी को कानून के अनुसार सजा दी जाए, उसके हम भी समर्थक हैं। लेकिन किसी भी अपराधी के परिजनों के साथ पुलिस यदि दुर्व्यवहार करती है, तो करणी सेना उसकी घोर निंदा करती है। विरेंद्र तोमर को गिरफ्तार करना पुलिस का काम था, और सजा देना न्यायालय का काम है। लेकिन उसकी गिरफ्तारी के दौरान घर में उपस्थित महिला और अन्य सदस्यों को पुलिस थाने लेकर आई और उनके साथ भी बदसलुकी की। इसकी हम भत्सना करते हैं, और मांग करते हैं कि, इस गिरफ्तारी के दौरान जिन-जिन पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने तोमर के परिवारजनों के साथ बदसलूकी की है, उन्हें तत्काल हटाया जाए। यदि नहीं हटाया गया तो 7 दिसम्बर को करणी सेना महाआंदोलन करेगी। इस अवसर पर गोरे सिंह ठाकुर, सुरेश सिंह ठाकुर, विनोद सिंह ठाकुर, भगवान सिंह ठाकुर, रोहन सिंह, आयुष सिंह, कोमल सिंह, संजय सिंह, अजय सिंह ठाकुर, बोनू सिंह, चिंटू सिंह, अनिल सिंह, राजू सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन से कटकर युवक ने की खुदकुशी

**बिलासपुर।** ट्रेन से कटकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, तिफरा कुंदरापारा निवासी नीरज मानिकपुरी पिता मूलचंद मानिकपुरी 28 साल शनिवार की सुबह 7 बजे तिफरा ब्रिज के नीचे ट्रेन आने पर सामने कूद गया। जिससे कटककर उसकी मौत हो गई। पूछताछ में उसके भाई ने मृतक की मानसिक स्थिति खराब बताई। बहरहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है।

### चाकू लहराकर अशांति फैलाते चार गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू लहराकर अशांति फैलाने वाले 4 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस को सूचना मिली कि पुराना बस स्टैण्ड शराब दुकान के पास तीन युवक हाथ में चाकू रखकर हंगामा मचाते हुए लोगों को डरा धमका रहे है। टीआई कृष्णचंद सिदार, प्रधान आरक्षक प्रमोद कसेर अन्य सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे। दबिश देकर चाकू रखकर अशांति फैला रहे अजय गंगवानी पिता रूपा गंगवानी 32 साल, ईश्वर साहू पिता रामविलास साहू 32 साल, सोंटी उर्फ ऋषभ तिवारी पिता स्व. देवेंद्र तिवारी 31 साल मिलन चौक कुदुदण्ड को पकड़ कर उनके पास से तीन नग चाकू बरामद किया गया है। इसी तरह सरकण्डा पुलिस ने नगोई में चाकू रखकर अशांति फैलाने वाले नगाई निवासी जगमोहन पाण्डेय पिता स्व. भूपत राम पाण्डेय 37 साल को पकड़कर चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवती से छेड़खानी युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** स्वदेशी मेला देखकर घर जा रही युवती से छेड़खानी कर धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, 19 नवंबर की रात क्षेत्र में रहने वाली एक युवती शाम को साइंस कालेज स्वदेशी मेला घूमने गई थी। रात 11 बजे वह घर जा रही थी। इसी दौरान साइंस कालेज डबरीपारा निवासी रोहित यादव पिता शिवशंकर यादव 22 साल उसे गर्लफ्रेंड से बात कराने को कहा। युवती ने नहीं पहचानने की बात कही तो अंधेरा देखकर हाथ पकड़कर अश्लील हरकत करने लगा। किसी तरह युवती भागकर घर पहुंची। बदनामी के डर से युवती ने रिपोर्ट नहीं लिखाई। 21 नवंबर को रोहित यादव युवती को फिर से धमकाते हुए बोला कि घटना के संबंध में किसी को बताई और रिपोर्ट लिखाएगी तो जान से मार दूंगा। इसके बाद पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 351, 2, 126, 2, 74, 75 के तहत जुर्म दर्ज कर रोहित यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

### कोपरा में जागरूकता कार्यक्रम आज

**बिलासपुर।** जिले के सकरी गांव के पास स्थित कोपरा वेटलैंड जिसे हाल ही में राज्य वेटलैंड प्राधिकरण द्वारा राम सरसाइट के लिए प्रस्तावित किया गया है। यहां 23 नवंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक युवाओं और स्कूली बच्चों के लिए पक्षी जागरूकता कार्यक्रम होगा। शहर से लगभग 10 किमी दूर रायपुर–बिलासपुर बाइपास मार्ग पर स्थित कोपरा वेटलैंड एक महत्व पूर्ण मीठे पानी का आवास है।

**ऑटोनॉमस मतलब मेरी मर्जी** — नियमानुसार 75% की उपस्थिति जरूरी, लेकिन इसको भी किया जा रहा नजरअंदाज

# साइंस कालेज में हिंदी के 300 छात्रों की उपस्थिति जीरो, फिर भी परीक्षा में बैठने की अनुमति

**बिलासपुर।** ऑटोनॉमस मतलब मेरी मर्जी। ऐसी ही हालत साइंस कॉलेज की हो गई है। हाल यह है कि बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर हिंदी के 300 छात्रों की क्लास एक भी दिन नहीं लगी और अब इन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जा रही है।

नियमानुसार 75% की उपस्थिति इसके लिए जरूरी है लेकिन इसको भी नजरअंदाज किया जा रहा है। इसमें कालेज प्रबंधन पर पैसे लेने और चहेतों को लाभ पहुंचाने के आरोप लग रहे हैं। सबसे बड़ी बात की जिस अटल यूनिवर्सिटी से यह कॉलेज संबंद्द है उसके आला अधिकारियों ने भी इस मामले से हाथ खींच लिए हैं।

सीपत रोड स्थित साइंस कॉलेज में बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर में 300 बच्चों ने हिंदी विषय का चयन करते हुए एडमिशन लिया है। यह बच्चे गणित और विज्ञान समूह दोनों के हैं। दरअसल नई शिक्षा नीति के तहत कोई भी छात्र एक सामान्य विषय के तौर पर हिंदी या अंग्रेजी का चयन कर सकता है। अब इसी नई शिक्षा नीति के तहत



प्रावधानों पर बात करें तो पहले सेमेस्टर के तहत 90 दिनों की कक्षाएं लगाई जानी चाहिए। इसमें से 75 प्रतिशत से अधिक क्लास में बच्चों की उपस्थिति जरूरी है। साइंस कालेज में लेकिन हिंदी विषय की कक्षाएं एक दिन भी नहीं लगीं और ना किसी प्रकार का कोई कोर्स कंप्लीट कराया गया। छात्रों ने इसकी शिकायत भी विभागाध्यक्ष से लेकर प्राचार्य तक से की है लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

### परीक्षा 25 से और अब एक्स्ट्रा क्लास की बात

साइंस कालेज प्रबंधन ने बकायदा परीक्षा समय सारिणी भी जारी कर दी है। इसमें सोमवार 25 नवंबर से पेपर लिए जाने हैं। अब जब छात्रों ने शिकायत की है तो कालेज प्रबंधन एक्स्ट्रा क्लास लेकर उपस्थिति को बढ़ाने की बात कर रहा है। इससे पहले हिंदी विभाग की ओर से भी प्राचार्य को पत्र लिखा गया था लेकिन सुनवाई नहीं हुई थी। विभाग के मुताबिक छात्र की सेमेस्टर परीक्षा के दौरान आयोजित कुल कक्षाओं (व्याख्यान, प्रायोगिक/ट्यूटोरियल आदि सहित) में न्यूनतम 75% उपस्थिति अनिवार्य है। जो कि एक भी छात्र का नहीं है। इसके साथ ही एक सेमेस्टर में 15 सप्ताह की पढ़ाई होती है जिसमें का पूरा समय निकल चुका है और उपस्थिति कक्षा में शून्य है, ऐसे स्थिति में इन्हें परीक्षा में बैठाना नियमानुसार अनुचित है।

### 300 बच्चों की पढ़ाई के लिए एक कमरा

इसके साथ ही यूजीसी एवं शासन के मापदण्ड पर नजर डालें तो एक कक्षा में अधिकतम 60 बच्चों की पढाई एक साथ कराई जा सकती है। साइंस कालेज में लेकिन इसका बिलकुल ध्यान नहीं रखा गया है। दो सेमेस्टर की पढ़ाई निकल चुकी है और अभी तक 300 बच्चों के क्लासेस का विभाजन नहीं किया गया है। इसलिए शिक्षकों ने भी पढ़ाने से इंकार कर दिया है। हिंदी विभाग की एक शिक्षिका ने क्ला विभाजन और कम से कम चार वर्ग बनाने की मांग करते हुए प्राचार्य को कई बार पत्र लिखा लेकिन इस पर भी ध्यान नहीं दिया। शिक्षिका के मुताबिक शैक्षणिक कैलेंडर एवं समय सारणी का पालन करते हुए वे रोज कक्षा में जाती हैं लेकिन बिना छात्र सूची, कक्षा अनुभाग, कक्ष क्रमांक का आबंटन के, कौन छात्रों को कहां पढ़ाया जाना है स्पष्ट निर्देश प्राचार्य, परीक्षा विभाग या प्रवेश प्रभारी द्वारा नहीं दी गई है।

### मिली थी शिकायत

इस बारे में शिकायत मिली थी लेकिन अटल यूनिवर्सिटी की ओर से सीधे हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता क्योंकि साइंस कालेज आटोनामस है। कालेज के प्राचार्य, परीक्षा विभाग के प्रभारी और हिंदी विभाग के शिक्षकों को मिलकर समस्या का समाधान निकालने कहा गया है। छात्रों को परीक्षा से बाहर करना ठीक नहीं होगा। एक्स्ट्रा क्लासेस लेकर उपस्थिति और पढाई दोनों कराई जा सकती है।

- तारणीश गौतम, रजिस्ट्रार, अटल यूनिवर्सिटी

### अतिरिक्त कक्षाएं लगाईं जा रही

छात्रों की शिकायत और मांग के आधार पर हिंदी विषय की अतिरिक्त कक्षाएं लगाईं जा रहीं हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई हो सकेगी। कक्षा अनुभाग, कक्ष क्रमांक का आबंटन जैसे काम भी पूरे किए जा रहे हैं। छात्रों की पढ़ाई पर असर ना पड़े इसका पूरा ध्यान है।

- **डीपी साहू**, परीक्षा प्रभारी, साइंस कालेज

**जंगलराज :** कागजों से बाहर नहीं आया संवारने का प्रोजेक्ट, करोड़ों रुपए हो गए बर्बाद

# उजड़ी स्मृति वाटिका में नहीं आ रहे सैलानी दिन भर की कमाई सिर्फ डेढ़ सौ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मृति वाटिका को बनाने के पीछे का उद्देश्य अब पूरी तरह से फेल हो गया है। यहां की हालत काफी जर्जर हो चुकी है, जहां सैलानियों की संख्या कम होने के कारण दिन भर में गेट मनी की कमाई 150 रुपए के आसपास ही रहती है। इसके जीर्णोद्धार का प्लान कागजों में में ही सीमित है।

बिलासपुर वन मंडल से कानन पेण्डारी जू और 25 अप्रैल 2002 को बनाई गई स्मृति वाटिका अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व की जिम्मेदारी में आ गई है। सकरी से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर 36 एकड़ से अधिक क्षेत्र में स्मृति वाटिका का निर्माण इसलिए किया गया था, ताकि लोग अपने पूर्वजों की याद में पौधे लगा सकें। इसके लिए लोगों से मेंटनेंस के नाम पर 500 से 1000 रुपए भी लिए जाते थे। जिस स्थान पर पूर्वजों के नाम पर पौधे लगते थे, उस स्थान पर उनके नाम के बोर्ड भी लगाए जाते थे। शुरुआत में कई वीआईपी और वीवीआईपी के नाम के बोर्ड और पौधे वाटिका में लगाए गए थे। स्मृति वाटिका को बनाने का मुख्य उद्देश्य था कि कानन पेण्डारी जू में भ्रमण के लिए पहुंचने वाले सैलानी वाटिका का भ्रमण कर पिकनिक मना सके। वाटिका बनने के 6 माह तक भ्रमण करने वाले सैलानियों की काफी भीड़ भी होती थी, लेकिन धीरे-धीरे सैलानियों का रूझान कम होता गया। वहीं 36 एकड़ की भूमि 20 एकड़ में सिमट गई।

वर्तमान में स्मृति वाटिका की स्थिति इतनी अधिक जर्जर हो चुकी है कि चारों ओर खरपतवार के कारण जहरीले जीव जंतुओं के निकलने का खतरा बना रहता है। वाटिका की हालत ऐसी हो चुकी है कि समय के अनुसार गेट खुलता और बंद होता है, इस समय में केवल तीन से चार युवा वर्ग ही वाटिका के अंदर प्रवेश करने के लिए टिकिट लेते हैं, जिनसे दिनभर में गेटमनी से आय 150 से 160 रुपए तक ही होती है।



### हाथी का ढांचा खड़ा है, नहीं लग सकी घास

कुछ माह पहले बिलासपुर वन मंडल के अधिकारियों ने स्मृति वाटिका को एक नया स्वरूप देने के लिए काम की शुरुआत की थी। इसके तहत पुराने सरोवर के अलावा दीवार को रंग रोगन करने के साथ, गेट से अंदर प्रवेश करने के रास्ते के बीच में बत्तख और हाथी की की आकृति बनाई गई थी। हाथी बनाने के लिए विशेष घास का उपयोग करना था, अब हाथी का ढांचा खड़ा है घास का पता नहीं है।



### ग्रामीणों ने चोरी कर ली फेंसिंग

कर्मचारियों का कहना है कि स्मृति वाटिका को बनाने के बाद सुरक्षा करने के लिए चारों ओर लाखों रुपए के फेंसिंग और पोल लगाए गए थे, ताकि वाटिका के अंदर लगे हरे-भरे पौधों को मवेशियों और अन्य लोगों से किसी तरह का नुकसान न पहुंच सके। वर्तमान में वाटिका के पीछे के रास्ते में बाईपास बन चुका है, जहां से असामाजिक तत्वों ने फेंसिंग को तोड़ दिया है। पीछे की ओर से बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण असामाजिक तत्व किसी भी समय अंदर घुस जाते हैं।

### वाटिका के पीछे बेजाकब्जा

स्मृति वाटिका के साथ इसी क्षेत्र में कानन पेण्डारी पर्यटन केन्द्र, अरण्यिका, वन चेतना केन्द्र भी बनाया गया है। यह सभी अचानकमार टाइगर रिजर्व अमरकंटक बायोस्फियर, बिलासपुर वन मंडल और सामाजिक वानिकी के तहत आते हैं। वन चेतना केन्द्र से लेकर कानन पेण्डारी तक सभी क्षेत्र वर्तमान में सड़क से लगे हुए हैं। यहां पूर्व में फेंसिंग और पोल को लगाकर घेराबंदी की गई थी। अब इसकी हालत ऐसी हो गई है कि यहां सुरक्षा के नाम पर व्यवस्था पूरी ठप है, जिसके कारण स्मृति वाटिका से लेकर कानन पेण्डारी तक सामने और पीछे के हिस्से में अब अवैध कब्जा शुरु हो गया है।

### नया प्रोजेक्ट बनाएंगे

स्मृति वाटिका सैलानियों के भ्रमण और पिकनिक के लिए एक अच्छी जगह है। इसकी हालत काफी खराब है। इसे संवारने के लिए प्रोजेक्ट बनाकर भेजा जाएगा। यह पहली बार होगा कि प्रोजेक्ट बनाने के लिए भी राशि दी जाएगी। वर्तमान में इसके लिए शासन से पांच लाख रुपए की मांग की गई है।

-**नीरज कुमार**, डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर



सरकारी जमीन पर बनाए गए मकान को गिराते निगम का अमला।

# पार्षद पति का सरकारी जमीन पर बना मकान ढहाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की है। उसलापुर के हंसिका विहार में पार्षद पति की ओर से सरकारी जमीन पर बनाए जा रहे मकान को ढहा दिया गया। इसके साथ ही अवैध प्लाटिंग के एक मामले में चार मंजिला मकान ध्वस्त किया गया और जूना बिलासपुर में बिना नक्शा पास कराए बनी चार मंजिला इमारत को सील कर दिया गया है। नगर निगम के भवन शाखा अधिकारी अनुपम तिवारी ने बताया कि जूना बिलासपुर में हेमा भगतानी ने चार मंजिला भवन का निर्माण अवैध रूप से किया था। इस मामले में पिछले दो साल में जोन कार्यालय ने लगातार पांच नोटिस जारी किए थे। उचित जवाब नहीं मिलने पर शनिवार को चार दुकानों सहित पूरी इमारत को सील कर दिया गया।इसी तरह वार्ड नंबर 3 साईं नगर में पार्षद पति किरण राजेंद्र टंडन के शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत मिली थी। नगर निगम के सब इंजीनियर जुगल सिंह ने बताया कि तहसील से जांच के बाद यह पुष्टि हुई कि निर्माणाधीन भवन सरकारी जमीन पर है। इसके बाद अवैध भवन को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया।

■ चार मंजिला इमारत सील

### 15 एकड़ क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग

निगम के मुताबिक इसके साथ ही अवैध निर्माण के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की गई। उस्लापुर में ही महेश जांगड़े ने बिना ले आउट, डायवर्सन के प्लाट काट कर दोमंजिला मकान बना लिया था। इसे भी तोड़ दिया गया है। ज्ञात हो कि सकरी नगर निगम के जोन क्रमांक 1 में स्थित है। महेश जांगड़े ने यहां लगभग 15 एकड़ क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग की है। इस दौरान 40 से अधिक मकान भी बना लिए गए। सवाल यह हैं कि इतने बड़े क्षेत्र में सालों से चल रही अवैध प्लाटिंग और निर्माण पर नगर निगम और राजस्व विभाग ने ध्यान क्यों नहीं दिया। निगम आयुक्त अमित कुमार के मुताबिक शहर में अवैध निर्माण के मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। जोन स्तर पर अब तक लगभग 500 लोगों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

# सीयू में अच्छा माहौल बनाने की होगी कोशिश : दीक्षित

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रथम पूर्णकालिक रजिस्ट्रार प्रो. अश्वनी कुमार दीक्षित ने शनिवार को पदभार संभाल लिया। उन्हें कार्यवाहक रजिस्ट्रार प्रो. एएस रणदिवे ने प्रभार सौंपा, उसके बाद प्रो. दीक्षित व प्रो. रणदिवे दोनों ही कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल से मिलें। पदभार संभालने के बाद नए रजिस्ट्रार ने अपने आफिस में बैठकर कार्य करते हुए पहले दिन कुछ फाइलें भी निपटाई।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पूर्णकालिक प्रथम रजिस्ट्रार के पद पर यूनिवर्सिटी के ही बॉटनी डिपार्टमेंट के प्रो. अश्वनी कुमार दीक्षित की नियुक्ति हुई है। नए रजिस्ट्रार श्री दीक्षित ने आज दोपहर प्रशासनिक भवन पहुंचकर रजिस्ट्रार का पदभार संभाल लिया है। रजिस्ट्रार अश्वनी दीक्षित ने पदभार संभालने के बाद हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि रजिस्ट्रार के रूप में एक प्रशासनिक अधिकारी के नए दायित्व को पूरी गंभीरता और प्रशासनिक निपुणता के साथ निभाएंगे। उन्होंने सबको साथ लेकर चलने और यूनिवर्सिटी में एक अच्छा माहौल



बनाने की कोशिश करने की बात कही है। उनका कहना है कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार के रूप में त्वरित गति से काम निराकृत करने एवं काम पेंडिंग न रहें यह प्रयास होगा। यूनिवर्सिटी में कौन-कौन शिक्षक व अधिकारी क्या-क्या काम देख रहे हैं यह जानकारी लेकर सभी के साथ बैठकर आगे कार्य किया जाएगा।

### रजिस्ट्रार बनने वाले आठवें प्रोफेसर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अभी तक एक डिप्टी रजिस्ट्रार व सात प्रोफेसर रजिस्ट्रार का प्रभार संभाल चुके हैं। इस तरह प्रो. अश्वनी दीक्षित गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार की कुर्सी पर बैठने वाले आठवें प्रोफेसर हैं। क्योंकि जब सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा मिला तब पूर्णकालिक रजिस्ट्रार केके चन्द्राकर पदस्स्थ थे और वे सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद करीब सालभर रजिस्ट्रार रहे, उसके बाद वे राज्य शासन के सेवा में वापस लौट गए। श्री चन्द्राकर के बाद से यूनिवर्सिटी में पूर्णकालिक रजिस्ट्रार नहीं मिला है। यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार का पद महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद होता है और यूनिवर्सिटी में कुलपति के बाद रजिस्ट्रार ही कोई भी निर्णय लेने के लिए सक्षम होता है। लेकिन सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसरों को बदल-बदलकर रजिस्ट्रार का प्रभार देकर काम चलाया जाता रहा है। श्री चन्द्राकर के सेंट्रल यूनिवर्सिटी से जाने के बाद कुछ दिनों के डिप्टी रजिस्ट्रार एचएन चौबे को प्रभार दिया गया था और श्री चौबे के बाद प्रोफेसरों को प्रभारी रजिस्ट्रार बनाने का जो सिलसिला शुरू हुआ वह अभी तक चल रहा है। प्रो. आईडी तिवारी, प्रो. एमएसके खोखर, प्रो. बीएन तिवारी, प्रो. शैलेन्द्र कुमार से लेकर प्रो. मनीष श्रीवास्तव प्रभारी रजिस्ट्रार रह चुके हैं। प्रो. मनीष श्रीवास्तव दो बार रजिस्ट्रार का प्रभार संभाल चुके हैं। इसके बाद गणित विभाग के सीनियर प्रोफेसर एएस रणदिवे कार्यवाहक रजिस्ट्रार रहे।

### पकड़ा गया रेल संपत्ति चोरी का आरोपी

**बिलासपुर।** आरपीएफ की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान रेल संपत्ति चोरी कर फरार होने वाले आरोपी को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार आरपीएफ के उपनिरीक्षक बीएस पटेल, आरक्षक वी राय यार्ड ने ड्यूटी करने के दौरान शाम को डीजीटी यार्ड के बीच एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में देखकर उससे पूछताछ की। पूछताछ में नयापारा गणेशनगर सिरगिट्टी निवासी शिवा बंजारे पिता स्व. छेदीराम बंजारे 22 साल के पास रखे बोरी में अडरफ्रेम केबल कापर वायर, एक नग हेक्सा ब्लेड व अन्य रेलवे का सामान रखा हुआ था। वैधानिक दस्तावेज नहीं होने पर उसके खिलाफ आरपीयूपी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया है।

### स्कूल संचालक से 36 लाख की ठगी, दो गिरफ्तार

बिलासपुर। बैंक में बंधन मकान को बेचने का झांसा देकर स्कूल संचालक से 36 लाख रुपए की ठगी करने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, सूर्या विहार निवासी अजीत शुक्ला पिता जेएल शुक्ला विस्डम द ग्लोबल वर्ल्ड स्कूल का संचालक है। वह राजकिशोरनगर निवासी दिनेश प्रताप सिंह से परिचित थे। अप्रैल 2024 में दिनेश प्रसाद सिंह ने विवेकानंदनगर निवासी भास्कर त्रिपाठी पिता भागवत प्रसाद त्रिपाठी 50 साल से घर में परिचय कराया और बताया वह एसईसीएल कोरबा में कार्यरत है। कुछ दिनों बाद दिनेश प्रताप सिंह ने कहा भास्कर त्रिपाठी अपना विवेकानंद स्थित मकान को बेचना कहा और मकान दिखा भी दिया। या। मकान पसंद आने पर 26 अप्रैल 2024 को 50 रुपए के स्टांप पेपर पर मकान बेचने का एग्रीमेंट तैयार किया गया। उसके बाद श्री शुक्ला ने अपने बैंक खाते से भास्कर त्रिपाठी के बैंक खाते में 36 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए।

तीन माह बीत जाने के बाद वह रजिस्ट्री नहीं कराई गई तो श्री शुक्ला ने पतासाजी की। पता चला कि वह मकान पहले से ही एयू बैंक रायपुर में बंधक है। उन्हें बिना मकान के कागजात दिखाए छलपूर्वक मकान बेचने का झांसा देकर 36 लाख रुपए ले लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर भास्कर त्रिपाठी, दिनेश प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

### ट्रेन से कटकर कर इंजीनियर ने की थी खुदकुशी, युवती के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** ट्रेन से कटकर इंजीनियर के खुदकुशी कर लेने के मामले में जांच के बाद सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने युवती के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

27 सितंबर 2025 को शाम 7.30 बजे अग्रसेन चौक साकेट अपार्टमेंट निवासी इंजीनियर गौरव सवन्नी 30 साल घर में किसी को बिना बताए निकल गए थे। देर रात उन्होंने उसलापुर रेलवे लाइन में ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी। दूसरे दिन पुलिस को घर के रूम से पर्स में रखा इंग्लिश में लिखा एक पेज का सुसाइड नोट मिला था। सुसाइड नोट में लिखा था प्रियंका सिंह सिर्फ तुम ही मेरी मौत का कारण हो। मैंने गलती की कितना तुम पर विश्वास किया, 24 घण्टे में मेरा जीवन बर्बाद कर दी। दिल से प्यार किया था। तुम तो दूसरी प्लानिंग में थी मुझे फंसाने की और फंसाया भी। गलती कर दी तुम पर भरोसा करके, अगर मै सच में फायनल सुसाइड कर लिया तो एक ईमेल शेड्यूल करके मरूंगा। दिन में एक सेकेंड ऐसा नहीं होता जिसमें मैं याद नहीं करता। पुलिस ने जांच के बाद प्रियंका सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अनाचार कर मोबाइल लेकर भागा युवक

**बिलासपुर।** फेसबुक में दोस्ती कर ब्यूटीशियन से अनाचार कर उसका मोबाइल लेकर युवक भाग गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, रायगढ़ जिला की रहने वाली एक युवती ब्यूटीपार्लर में काम करती है। एक साल पहले फेसबुक के माध्यम से सरकण्डा निवासी ओम मानिकपुरी से दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच मोबाइल में बातचीत होती थी। इसी दौरान ओम मानिकपुरी ने उसे प्रेम जाल में फंसा लिया। उसके बाद वह युवती को मिलने से शहर बुलाया। युवती मिलने के लिए शहर आई तो वह उसे लेकर तोरवा क्षेत्र ओयो होटल में लेकर गया और शादी करने की विश्वास दिलाकर अनाचार किया।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411